

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 31 मार्च 2023 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष -10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-002 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 अप्रैल 2023 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पूछताछ के बाद शराब कारोबारी और अधिकारियों को ईडी ने छोड़ा

**रायपुर,31 मार्च।** शराब के धंधे में मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रही ईडी ने कई कद्दावर लोगों को फिलहाल छोड़ दिया है. ईडी की टीम ने बुधवार को कई शराब कारोबारी, कांग्रेस नेता और कुछ प्रभावशाली अधिकारियों के ठिकानों पर दबिश दी थी. मैराथन पूछताछ के बाद कई प्रभावशाली चेहरों के अलावा कुछ अन्य लोगों को ईडी दफ़्तर लाया गया था. क़यास लगाए जा रहे थे कि ईडी कुछ लोगों के ख़िलाफ़ प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेश करेगी, लेकिन खबर आई है कि ईडी ने लंबी पूछताछ के बाद फ़िलहाल छोड़ दिया है. साथ ही दोबारा तलब करने के इरादे से नोटिस भी दिया है.

### स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव की सैकड़ों एकड़ जमीन गायब

**अम्बिकापुर,31 मार्च।** छत्तीसगढ़ के अम्बिकापुर में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के परिवार की सैकड़ों एकड़ जमीनों के दस्तावेज गायब हो गए हैं। इस मामले में सरगुजा कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर बीआर खांडे और एसडीएम डीएस उइके को कारण बताओ नोटिस जारी किया। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने गुम हुई जमीनों के दस्तावेजों को लेकर 2015 में कोर्ट में अर्जी दायर करवाई थी। आठ साल बीत जाने के बाद भी डिप्टी कलेक्टर और एसडीएम ने अब तक कोर्ट को दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाए हैं। दस्तावेज उपलब्ध कराने में देरी होने को लेकर सरगुजा कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर और एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### मोदी हटाओ, देश बचाओ पोस्टर लगाने वाले 8 बंदी

**अहमदाबाद,31 मार्च।** गुजरात के अहमदाबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध में पोस्टर लगाने के मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. शहर के विभिन्न हिस्सों में 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' के पोस्टर लगाए गए थे. पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. ये गिरफ्तारियां आम आदमी पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी पोस्टर अभियान शुरू करने के ठीक एक दिन बाद हुई हैं. आप ने बीजेपी के खिलाफ ये पोस्टर अभियान देश भर में 11 भाषाओं में शुरू किया है. अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू के अलावा, गुजराती, पंजाबी, तेलुगु, बंगाली, उड़िया, कन्नड़, मलयालम और मराठी में भी पोस्टर जारी किए गए हैं. पिछले हफ्ते, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दीवारों पर पीएम को निशाना बनाने वाले हजारों पोस्टर दिखाई दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की, इसमें 49 प्राथमिकी दर्ज की गईं और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था. गिरफ्तार किए गए लोगों में से दो प्रिंटिंग प्रेस के मालिक थे. दिल्ली पुलिस ने कहा कि गिरफ्तारियां सार्वजनिक संपत्ति को खराब करने और पोस्टरों पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम नहीं होने के कारण की गई.

### मॉस्किटो क्वाइल के धुएं से एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

**नई दिल्ली, 31 मार्च।** देश की राजधानी नई दिल्ली से चौकाने वाली खबर सामने आई है। यह हर उस शख्स के लिए खास है जो अपने घर में मच्छर भगाने के लिए मॉस्किटो क्वाइल जलाता है। दिल्ली के शास्त्री पार्क में एक ही परिवार के छह लोग मृत पाए गए। डीसीपी उत्तर पूर्व ने जानकारी दी है कि रात में परिवार मॉस्किटो क्वाइल जलाकर सोया था और सुबह सभी मृत पाए गए।

---

**बेरोजगारी भत्ता को लेकर सीएम बघेल का बड़ा ऐलान**

# आवेदन किसी भी दिन करें बेरोजगारी भत्ता 1 अप्रैल से ही मिलेगा



**रायपुर,31 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता युवाओं को दिया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता के लिए ऑनलाइन लिंक जारी किया जा चुका है। वही नियम, शर्त, पात्र, अपात्र को लेकर भी विस्तृत रूप से गाइडलाइन जारी हो चुका है। इन सब के बीच आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर बताया है कि अप्रैल माह में अगर आप किसी भी दिन आवेदन करते हैं तो घोषणा के अनुसार 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता युवाओं को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर लिखा है कि हमारा हाथ, युवाओं के साथ। उन्होंने आगे लिखा है छत्तीसगढ़ के शिक्षित युवाओं को 1 अप्रैल से 2500 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देने का आदेश जारी किया गया है, पंजीयन में सुगमता के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अप्रैल माह में किसी भी दिए गए आवेदन पर घोषणा अनुसार भत्ता 1 अप्रैल से ही तय होगा। आशा है ये भत्ता हमारे युवाओं के स्वावलंबन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

आपको बता दें कि राज्य सरकार ने बजट के दौरान इस बात का ऐलान किया था कि 12वीं पास शिक्षित बेरोजगारों को अब प्रतिमाह 2500 बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। इस बाबत पिछले दिनों की राज्य सरकार की तरफ से सभी कलेक्टरों को दिशा निर्देश जारी कर दिया गया है। नगर निगम कमिश्नर और जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत करने का अधिकार भी दिया गया है। माना जा रहा है कि जल्दी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया के अनुरूप बेरोजगारी भत्ता देने की दिशा में सरकार की तरफ से कदम बढ़ाया जाएगा। राज्य सरकार ने बेरोजगारी भत्ता सीधे युवाओं के बैंक खाते में डालने का फैसला लिया है।

---

# हंगामे के बीच महापौर ने पेश किया बजट

**राजनांदगांव निगम के बजट में छत्तीसगढ़ ओलंपिक के लिए 50 लाख तो राजीव मितान क्लब के लिए रखा 51 लाख का प्रावधान**

**राजनांदगांव,31 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

महापौर हेमा देशमुख ने राजनांदगांव नगर निगम का वर्ष 2023-24 के लिए बजट प्रस्तुत किया. भाजपा पार्षद दल के विरोध-प्रदर्शन के बीच कांग्रेस पार्षद दल के साथ महापौर हेमा देशमुख ने 'मोदी-अदानी भाई-भाई', 'लोकतंत्र बचाओ', 'भूपेश बघेल जिंदाबाद' का नारा लगाते हुए अपने कार्यकाल का चौथा बजट 22 लाख 45 हजार रुपए के घाटे का पेश किया. राजनांदगांव नगर निगम की बजट बैठक की शुरुआत आज हंगामेदार रही. बैठक शुरू होते ही शहर के बूढ़ा सागर भ्रष्टाचार मामले में दोषियों के खिलाफ एफआईआर को लेकर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. इस हंगामे के बीच भी महापौर हेमा देशमुख ने अपना बजट अभिभाषण पढ़ते हुए शहर विकास को लेकर वर्ष 2023-24 का बजट प्रावधान में प्रस्तावित आए 449 करोड़ 12 लाख 91 हजार रुपए तथा व्यय 480 करोड़ 23 लाख 3 हजार रुपए के साथ 22 लाख 45 हजार रुपए घाटे का बजट सदन में पेश किया है.

बजट को लेकर महापौर ने कहा कि पहली बार नगरी निकाय के बजट में ऐसा



हुआ है कि उद्योग लगाना प्रस्तावित है. उन्होंने कहा कि उद्योग लगाना हमारा मुख्य उद्देश है. प्रदेश की सरकार इस ओर हमें बढ़ावा दे रही है. वहीं विपक्ष के हंगामे को लेकर महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि विपक्ष अपना संस्कार भूल गई है. महापौर हेमा देशमुख वर्ष 2023-24 का बजट पेश करने सदन में गोबर से निर्मित सूटकेस लेकर पहुंची, महापौर के पहुंचते ही विपक्षी भाजपा पार्षदों ने शहर के बूढ़ा सागर में करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के बाद भी दोषियों के खिलाफ एफआईआर न किए जाने के मामले को लेकर हंगामा शुरू कर दिया. इस दौरान विपक्षी दल सदन में जमीन पर ही बैठ गया और जमकर नारेबाजी की. वहीं महापौर के अभिभाषण शुरू होने पर भाजपा पार्षदों ने महापौर का घेराव कर दिया. इस पूरे मामले को लेकर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ में सर्वसम्मति से सदन में एफआईआर कराए जाने का निर्णय लिया गया था, इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की गई, जिसे लेकर विपक्ष से अपनी बात रखी है. वहीं उन्होंने बजट को लेकर कहा कि पिछला बजट धरातल पर नहीं उतर पाया था. यह बजट भी केवल स्वप्न है.

महापौर द्वारा पेश किए गए बजट में शहरी अर्बन यूपा के जरिए उद्योग लगाना, लीगेसी वेस्ट सेंटर का निर्माण, ई-रिक्शा चार्जिंग सेंटर का निर्माण, नगर में ट्यूबलर पोल लगाए जाने, प्रवेश द्वार निर्माण, छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापना , चौक चौराहा में जेब्रा क्रॉसिंग, छत्तीसगढ़ ओलंपिक खेल कूद का वार्ड स्तर पर आयोजन, रामायण प्रतियोगिता का आयोजन , निर्धन छात्राओं को निशुल्क शिक्षा , वृहद वृक्षारोपण सहित लगभग 26 कार्यों को बजट में शामिल किया गया है.

---

# भारत में बिताए समय की याद को संजोकर रखेंगेः बुराकोव्स्की

**नई दिल्ली,31 मार्च।** भारत में पोलैंड के राजदूत एडम बुराकोव्स्की ने भारत छोड़ने और दक्षिण अफ्रीका में अपना नया कार्यकाल शुरू करने से पहले कहा कि नई दिल्ली में बिताया गया समय उन्हें जीवन भर याद रहेगा और भारत को फिर से देखने की उम्मीद है। बुराकोव्स्की ने हिंदी में कहा कि वह यहां परिवार के साथ बिताए अपने समय को याद रखेंगे और संजोएंगे। उन्होंने अपने कार्यकाल के बारे में भी बात की और कहा कि इस अवधि के दौरान, भारत और वारसॉ के बीच संबंध मजबूत हुए। पोलैंड के राजदूत ने कहा कि मेरा कार्यकाल पांच साल का था और इन पांच सालों के दौरान संबंध मजबूत हुए और अब हम और अधिक जुड़े हुए हैं। हमारे बीच अधिक आर्थिक सहयोग है और लोगों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। भारत से मेरा रिश्ता 26 साल का है, मैं पहली बार 1997 में एक टूरिस्ट के तौर पर भारत आया था। मैं पहले दिन से आपके देश से प्यार करता हूं। मैंने हिंदी सीखना शुरू किया और संस्कृति और राजनीति के इतिहास में दिलचस्पी



लेने लगा और फिर मैं भारत में राजनीति विज्ञान का विद्वान और विशेषज्ञ बन गया। और भारत की मेरी सबसे अच्छी याद ये सभी 26 साल हैं। उन्होंने कहा, हम कुछ बहुत कठिन समय से गुजरे हैं। कोविड महामारी के दौरान, हमने एकजुटता दिखाई और हमने दिखाया कि कैसे हम वैश्विक समस्याओं से लड़ने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। दूत ने ऑपरेशन गंगा पर भी प्रकाश डाला, जहां पिछले साल फरवरी में रूस और यूक्रेन के बीच संकट के बाद पोलैंड ने यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने में मदद की थी।

---

## बंगाल में फिर हिंसा भड़की

**कोलकाता,31 मार्च।** बंगाल में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा में पत्थरबाजी की। देशभर में गुरुवार को रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। गुजरात के बडोदरा, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव, पश्चिम बंगाल के हावड़ा-इस्लामपुर और लखनऊ में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं। अब तक तीन राज्यों में हिंसा के केस में 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं। पुलिस इन इलाकों में लगातार गश्त कर रही हैं। अभी हालत सामान्य हैं। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, मैंने पहले ही चेताया था कि मुस्लिम इलाकों से शोभायात्रा न ले जाएं, लेकिन भाजपा के लोग जानबूझकर इन इलाकों को टारगेट करते हैं।

**बंगाल में इस्लामिक स्टेट जैसा माहौल: गिरिराज**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि ममता बनर्जी ने बंगाल में ऐसा माहौल बना दिया है ऐसा कि इस्लामिक स्टेट हो। अपने बयान में गिरिराज सिंह ने कहा कि केवल हावड़ा नहीं पूरे बंगाल में भय का वातावरण बना हुआ था...ममता बनर्जी जो भाषण दे रही थी वो देश को शर्मसार करने वाला है।

---



# राष्ट्रपुत्र हैं राहुल गांधी : सत्यनारायण

**रायपुर,31 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस नेता सत्यनारायण ने आज पत्रवार्ता में कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता थे तो राहुल गांधी राष्ट्रपुत्र हैं. अंग्रेजी राज में जैसा था, वैसा ही आज दिख रहा है. मोदी सरकार तानाशाही रवैय्या अपना रही है. यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा ने राहुल गांधी की संसद की सदस्य वापस लिए जाने के विरोध में आयोजित प्रेस वार्ता में कही.मोदी सरकार के तानाशाही रवैये का आरोप लगा कांग्रेस आज हर जिला में प्रेस कांफ्रेस कर रही है । शर्मा ने कहा कि उस जमाने के राष्ट्रपिता थे महात्मा गांधी और आज के जमाने के राहुल गांधी राष्ट्रपुत्र हैं। शर्मा यह भी कहा कि देश का हर नागरिक राष्ट्रपुत्र है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता वापस लिए जाने के विरोध में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेशभर में प्रेस वार्ता कर रहे हैं. इस कड़ी में रायपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और विधायक सत्यनारायण शर्मा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है. उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अंग्रेजों की नींव हिला दी थी. राहुल गांधी ने मोदी सरकार की नींव हिला दी है. मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाएगी. अंग्रेजों के समय आंदोलन हुए थे. आजादी के बाद भी आंदोलन हुए. आज फिर आंदोलन हो रहे हैं. जीत हुई और होगी. लोकतंत्र को कुचलने वाली सरकार को जनता सबक सिखाएगी. शर्मा के बयान पर **सांसद सुनील सोनी** ने कहा कि कांग्रेस पगालपन का शिकार हो गई है। चाटुकारिता की यह पराकाष्ठा है। इस तरह का बयान न केवल गांधी का अपमान है बल्कि देश का भी अपमान है।

---

# बिजली खंभा से टकराकर ट्रक में घुसी कार, पांच घायल

**कोरबा,31 मार्च।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकराकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में कार सवार 5 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा बांगो थाना क्षेत्र का है। मिली



जानकारी के अनुसार, 56 वर्षीय पुन्नी राम सूरजपुर जिले के तिवरता का रहने वाला है। वह अपने परिवार के साथ प्रेमनगर जा रहा था। कार में पुन्नी राम, 42 वर्षीय चंद्रकांत प्रजापति, 42 वर्षीय हीरा प्रजापति, 25 वर्षीय मोनिका प्रजापति और 17 वर्षीय रश्मि प्रजापति सवार थे। वे कोरबा जिले के बंजारी मड़ई के पास पहुंचे ही थे कि पुन्नी राम को झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर इलेक्ट्रिक पोल से टकरा गई। बिजली के खंभे से टकराकर कार सड़क पर खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को पोड़ी उपरोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को बिलासपुर सिम्स रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि, हादसे में पुन्नी राम, हीरा प्रजापति और चन्द्रकांत के सिर पर गहरी चोट आई है। वहीं मोनिका प्रजापति की रीढ़ की हड्डी और रश्मि प्रजापति के चेहरे पर भी चोट आई है।

---

# अतीक अहमद की नई पहचान बिल्ला नंबर-17052



**प्रयागराज,31 मार्च।** उमेश पाल अपहरण केस में प्रयागराज के एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा उम्रकैद की सजा मिलने के बाद माफिया अतीक अहमद को साबरमती जेल में बिल्ला नंबर अलॉट किया गया है. अतीक अहमद कैदी नंबर 17052 बना है. माफिया अतीक अहमद को अब नाम के बजाय बिल्ला नंबर से पुकारा जाएगा. इसके साथ ही अतीक अहमद को सजायाफ्ता कैदियों वाली वर्दी भी दी गई. उसे दो जोड़ी वर्दी दी गई है. पूर्व सांसद को दो जोड़ी सफेद कुर्ता, पायजामा, टोपी और गमछा दिया गया है. जेल में उसे अब यही वर्दी पहननी होगी. जेल मैनुअल के मुताबिक अतीक अहमद को अब काम भी करना होगा. उसे जेल में रोजाना काम करना होगा, जिसके एवज में उसे रोजाना 25 रूपये मिलेंगे. जेल में अतीक अहमद का अकाउंट भी खोला गया है. काम के बदले अतीक अहमद को जो पैसे मिलेंगे वह इसी अकाउंट में जमा होते जाएंगे. अतीक को अकुशल कारीगर की कैटेगरी में रखा गया है, इसलिए उसे रोजाना सिर्फ 25 रुपये मिलेंगे. बता दें कि कुशल कामगारों को रोजाना 40 रुपये का भुगतान किया जाता है.

अतीक अहमद को खेती-किसानी, माली, बढ़ई, साफ-सफाई, जानवर पालन समेत अन्य कामों में से किसी एक को चुनना होगा. इतना ही नहीं दूसरे सजायाफ्ता कैदियों के बीच अतीक को लाइन में खड़े होकर खाना लेना होगा. हालांकि अब उसे पहले से ज्यादा खाना दिया जाएगा. पहले 380 ग्राम रोटी के साथ दाल चावल दिया जाता था, लेकिन अब 500 ग्राम रोटी व अन्य सामान मिलेंगे. नियम के मुताबिक अतीक को अब काम के लिए भोर में ही उठाया जाएगा. सजायाफ्ता होने के बाद अतीक की बैरक भी बदल दी गई है. अतीक अब सजायाफ्ता कैदियों की पक्का बैरक में रहेगा. सजायाफ्ता होने के बाद अब अतीक अहमद की हनक भी कम होगी.

---

# बोलेरो नहर में गिरी,7 की मौत

**सम्बलपुर,31 मार्च।** आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ओडिशा के संबलपुर में नहर में कार गिर जाने से सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 2 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो का कंट्रोल ड्राइवर से खो गया, जिस वजह से हादसा हुआ। पुलिस का कहना है कि बोलेरो में सवार लोग गुरुवार को शादी समारोह में शामिल होकर झारसुगुड़ा जिले के बड़ाधारा अपने घर जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी तेज रफ्तार में थी। ड्राइवर ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया, जिस वजह से सासन थाना क्षेत्र के परमनपुर के पास बोलेरो नहर में गिर गई। संबलपुर कलेक्टर अनन्या दास ने बताया कि हादसे में मौके पर 6 लोगों की मौत हो गई। जबकि, अस्पताल ले जाने के बाद एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। हादसे में 4 लोग घायल हैं, जिनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। कलेक्टर ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।



---



# इंदौर हादसे में मरने वालों की संख्या 36 पहुंची

**इंदौर,31 मार्च।** मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थित बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ 36 हो गई है। बावड़ी के मलबे में अभी भी लोग दबे हुए हैं जिनकी तलाश की जा रही है। एनडीआरएफ की टीम के साथ ही मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए सेना के जवानों की मदद ली जा रही है। बताया जा रहा है कि मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी के ऊपर डले स्लैब के ऊपर बैठकर सभी पूजा कर रहे थे। बड़ी संख्या में बैठे लोगों को भार स्लैब सह नहीं सका और भर-भराकर धंस गा। जिससे ऊपर बैठे सभी लोग 40 फीट नीचे बावड़ी के अंदर गिर गए। लोगों के रेस्क्यू के लिए रात 11 बजे महू से आर्मी के 70 जवान इंदौर पहुंचे है। एनडीआरएफ की टीम के साथ अभी भी रेस्क्यू जारी है। आशंका जताई जा रही है कि अभी भी कई लोग यहां मलबे के अंदर दबे हुए हैं।

---

# आज रिटायर होंगे डीएम अवस्थी

**रायपुर,31 मार्च।** छत्तीसगढ़ कैडर 1986 बैच के आईपीएस डीएम अवस्थी आज रिटायर होंगे. वर्तमान में डीएम अवस्थी ईओडब्ल्यू और एसीबी के चीफ हैं. इसके पूर्व 2018 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें पुलिस महानिदेशक प्रदेश के डीजीपी का कमान सौपी था. आईपीएस अवस्थी करीब 3 साल डीजीपी के पद पर रहे. इसके बाद पुलिस अकादमी के डायरेक्टर बनाए गए. बता दें कि 3 महीने पहले उन्हें ईओडब्ल्यू और एसीबी का चीफ बनाया गया था. 17 मार्च को राज्य मंत्री मंडल कैबिनेट ने पीएचक्यू में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी का नवीन पद स्थाई रूप से 1 साल की अवधि के लिए नियमित किए जाने का निर्णय लिया था. प्रशासनिक हलकों से इस बात की चर्चा है कि यह पद अवस्थी की रिटायरमेंट को देखते हुए सृजित किया गया है. 31 मार्च को रिटायरमेंट के साथ ही उनके स्थान पर नए इओडब्ल्यू व एसीबी चीफ के रूप में किसी नए आईपीएस की नियुक्ति हो सकती है. जानकारी के मुताबिक 1 अप्रैल को डीएम अवस्थी पुराने पद से मुक्त होकर नए पद पर जॉइनिंग दे सकते हैं.



---

# 800 से ज्यादा कपड़ा दुकानों में भीषण आग

**कानपुर,31 मार्च।** बांसमंडी स्थित एआर टावर में देर रात 1.30 बजे शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से 6 कॉम्प्लेक्स की करीब 800 दुकानें पूरी तरह से जलकर राख हो गईं। जिससे अरबों रुपए के नुकसान होने की आशंका है। जानकारी मिलते ही पूरा प्रशासन हरकत में आ गया। सेना, एयरफोर्स, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मोर्चा संभाला है। कानपुर, उन्नाव, लखनऊ समेत आस-पास के कई जिलों की 50 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में लगी हैं। होलसेल मार्केट में लगी आग 9 घंटे बाद भी नहीं बुझाई जा सकी है।ॉ

नफीस टावर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया है। इस टावर में भी आग लगी है। आग ने बैंक को भी अपनी चपेट में ले लिया है। व्यापारी रवि शंकर दुबे ने बताया कि 800 से ज्यादा दुकानें जली हैं। आग से 20 अरब यानी दो हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है।तेज हवाओं के कारण आग ने पल भर में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद देखते ही देखते पूरा तीन मंजिला टावर धधकने लगा। इसके बाद आग हमराज कॉम्प्लेक्स, नफीस टावर, अर्जुन कॉम्प्लेक्स, मसूद



कॉम्प्लेक्स-1 और मसूद कॉम्प्लेक्स-2 तक फैल गई। इन 6 कॉम्प्लेक्स से आग की लपटें और धुआं अभी भी उठ रहा है।

कानपुर बांसमंडी में अग्निकांड के चलते करीब 1 किमी का दायरा सील कर दिया गया है। कोपरगंज चौराहा, बांसमंडी चौराहा और डिप्टी पड़ाव चौराहा से बांसमंडी कपड़ा बाजार को जाने वाले सभी रास्तों को बैरिकेड कर दिया गया है।

# बाबा दरबार के ज्योति जंवारा विसजर्न में उमड़े श्रद्धालु

एक नजर



## पुलिस ने घेराबंदी कर सट्टा पट्टी लिखने वाले को पकड़ा

**कवर्धा,31 मार्च।** पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा अवैध रूप से चल रहे जुआ सट्टा की कार्यवाही करने के आदेश मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उईके के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी बोड़ला निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के पर्यवेक्षण मे चौकी प्रभारी पोड़ी उप निरीक्षक नवरतन कश्यप के टीम ने दिनांक 30,03 ,2023 को जुर्म जरायम पतासाजी दौरान सूचना मिला की ग्राम पोंडी मे शराब भट्टी के सामने आम जगह पर कुछ सटोरिया अंक गणित के अंकों से रुपए पैसा का दाव लगाकर सट्टा पट्टी लिखकर जीत हार खेला रहा है कि मौके पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर आरोपी 1.घनश्याम चंद्रवंशी पिता भानू उम्र 44 साल नेऊरगॉव खुर्द के पास से कुल 850 रुपए एवं 2 नग सट्टा पट्टी , डांट पेन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपी का कृत्य धारा 4 क जुआ एक्ट का पाए जाने से धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 92 लवकेश खरे, आरक्षक जीवन पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## अज्ञात शव की शिनाख्त हुई

**नंदिनी ,31 मार्च।** थाना नंदिनी क्षेत्र अंतर्गत मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त ,मृतक राजेंद्र कुमार जंघेल की हत्या उसी के छोटे भाई अमरनाथ जंघेल के द्वारा दिया गया घटना को अंजाम ,आरोपी अमरनाथ जंगल से पूछताछ करने पर उसके द्वारा भाई राजेंद्र जंघेल को अत्यंत ही नशे का आदी होना हर तरह के नशे में दिन-रात डूबे रहना नशे की हालत में माता और पिता को अत्यधिक परेशान करना जिससे तंग आकर दिनांक 24/3 /2023 को भाई को अपनी मोटरसाइकिल में बिठाकर जामुल देसी शराब दुकान लेकर जाना जहां पर मसाला देसी शराब की तीन पव्वा खरीदना फिर साथ लेकर बोड़ेगांव अरसनारा के पास मोटरसाइकिल से लेकर जाना शाम के 5ः00 बजे दोनों साथ मिलकर मसाला शराब पीना अपने भाई मृतक राजेंद्र को दो पव्वा मसाला शराब पिलाना नशे में बेसुध हो जाने पर साथ में ले गए कटर से गले को काट देना उसके बाद पास के ही गांव में जाकर 2 नग प्लास्टिक की बोरी खरीद कर लाकर मृतक के शरीर में पहने हुए कपड़ों को कटर से काटकर अलग कर देना और मृतक के शव को लाए गए बोरी में सिर और पैर की तरफ से अलग-अलग 2 बोरियों में भरकर कुछ दूरी पर मेड और नाली के बीच में डालकर जल्दबाजी में काटे गए कपड़ों को वहीं पर छोड़ कर वापस भाग कर आ जाना बताया गया।



## पुलिस ने किया 61 पौवा देशी जब्त

**भिलाई, 31 मार्च।** भिलाई अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निकुम भांठापारा में 61 पौवा देशी जब्त किया गया पुलिस ने आरोपी शत्रुहन ढीमर निवासी निकुम भांठापारा के पास एक सफेद प्लास्टिक बोरी में शराब की बोतल बरामद की। थाना प्रभारी अम्बिका प्रसाद ध्रुव के मार्गदर्शन सहायक उप निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक श्यामलाल साहू, आरक्षक आकाश अवस्थी, अजय , सहित अन्य बल ने कार्रवाई की।

## सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**जगदलपुर, 31 मार्च** । शनिवार 1 एक अप्रैल से प्रारंभ हो रहे सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया। वीर सावरकर सभागार में शुक्रवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में कलेक्टर श्री चंदन कुमार ने सभी के टीम भावना के साथ कार्य करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने कहा कि सर्वेक्षण हेतु सुपरवाइजरों को महत्वपूर्ण भूमिका दी गई है। आपका दायित्व है कि प्रगणकों के समूह के साथ उचित समन्वय स्थापित कर उनकी आवश्यकता अनुसार आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

## बाबा दरबार के ज्योति जंवारा विसजर्न में उमड़े श्रद्धालु

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 31 मार्च।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में ज्योति विसजर्न यात्रा में भक्तों की रही धूम दरबार में नौकन्या कराकर अपने उपवास खोला इस दौरान नौ कन्याओं की पुजा अर्चना करके भोज कराया गया एवं कपड़े दक्षिणा दिया गया हर नवरात्रि पर्व में कुंवारी कन्याओं की पुजा का विशेष महत्व है बाबा दरबार से ज्योति जंवारा विसजर्न शोभा यात्रा शुरू हुआ जो कि दरबार के गज्जू रायपुरिया नेहांथ में खप्पर लिए आगे आगे बढ़ते रहे एवं पिछे में माताएं बड़ी ही संख्या में एक ही कलर की साड़ी के साथ सर पर जोत ज्वारा लिए चलते रहे दरबार से शोभा यात्रा शुरू हुआ जो कि बजरंग पारा बाजार चौक चांदनी चौक शितला पारा होते हुए गांव को भ्रमण किया जगह जगह भकत लोग माता रानी के ज्योति कलश का पुजा पाठ करते रहे आगे आगे हेमंत तेली एवं गुलाब साहू के मंडली द्वारा पारंपरिक माता सेवा गाते हुए चलते रहे एवं गुढियारी रायपुर से पहुंचे सांग बाणा झांकी में छोटे छोटे बच्चों ने अपने मुंह एवं जीभ में बाणा गड़ा कर खुब नाचते साथ साथ चल रहे थे भकत लोग भी बड़ी संख्या में नाचते रहे एवं माता रानी की जयकारे लगाते रहे इस भव्य शोभायात्रा को देखने के लिए पुरे गांव उमड़ पड़े थे एवं दूर दराज से भी भकत गण पहुंचे थे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि नौ दिन तक ज्योत जंवारा का विधी विधान से पूजा अर्चना किया गया जोत ज्वारा विसजर्न को देखकर भक्तों की आंख नम होगया था बाबा दरबार में अब हर नवरात्रि में यहां बढ़ते क्रम में ज्योति कलश जलते हैं बड़े दूर दूर से भक्तगण अपने मनोकामनाएं पूरी होने पर ज्योति प्रज्वलित कराते हैं गाजे बाजे के साथ गांव के डिहवारीन शितला तालाब में श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पन्डा राजू यादव के द्वारा जोत ज्वारा विसजर्न किया गया इस अवसर पर श्री विनोद साहू मनोज भाईजी मनसुखा साहू बबलू साहू चीन्टू साहू गुलाब साहू भोलू साहू एमलाल देवांगन कुंभकरण पटेल कल्याण देवांगन योगेश साहू सतीश साहू तोमन गजपाल चेतन साहू जीवराखन ठेकेदार दिनेश यादव भीषम साहू गुमान साहू टीकम साहू ओमकार साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच डॉ धनेशवर साहू सुनील कहार बाबू लाल ठेकेदार कुणाल साहू संदिप सेन चंद्र कांत देवांगन सुन्दर सपरे नोहर साहू नंदू साहू आटो रुपलाल टेलस कुंजलाल साहू मुनना गंधर्व श्रीमती बबीता साहू सुनीता साहू देवकी साहू ललीता यादव लक्ष्मी साहू अंजू देवांगन देवश्री साहू संगीता सपरे टिकेशवरी सुलोचना ठाकूर कौशिलिया सेन हितेश पटेल दशरि बाई पटेल कु पुजा कु डिम्पल कु वेदू कु नेहा कु सुरूची कु नेहा कु विननी साहू श्रीमती नीरा साहू आदि भकतगण बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंद्र कांत कोसरे जी एवं कुंजलाल साहू जी ने दी।





## नवरात्रि अष्टमी में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम ने महाप्रसाद वितरण किया

**कवर्धा, 31 मार्च।** धर्म नगरी कवर्धा में नवरात्र अष्टमी में जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम ने महाप्रसाद वितरण किया ।

## राम नाम के जयघोष से गूंजा चपले: महेश साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 31 मार्च।** देशभर में चैत्र नवरात्र एवं राम नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्री राम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। रामनवमी का त्यौहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। हिंदू धर्म शास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। इसी क्रम में खरसिया विधानसभा क्षेत्र के चपले में रामनवमी के शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमे भाजपा जिला मंत्री महेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल, मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल, राम भक्त प्रदुमन पटेल, भाजपा नेता जयप्रकाश डनसेना, दिनेश पटेल, किशन डनसेना, देवी प्रसाद पटेल सहित हजारों की संख्या में युवा एवं महिलाओं शामिल हुए। इस दौरान भव्य आतिशबाजी व राम नाम के जयघोष से अंचल गूंज उठा। वही भक्तगण डीजे बाजे में धार्मिक गानों की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। यह शोभायात्रा मंगल भवन से एनएच रोड से होते हुए स्टेशन चौक से बीच बस्ती से पुरानी बस्ती होते हुए मंगल भवन पहुंच कर संपन्न हुई। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।

## परिजनों से मिलकर नन्हीं मुस्कान के चेहरे पर लौटी हंसी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 31 मार्च।** कबीरधाम पुलिस के डायल 112 पुलिस टीम को आज दिनांक-31-03-2023 को छ4 रायपुर से सूचना प्राप्त हुआ कि ठाकुरपारा कवर्धा के कॉलर द्वारा सूचना दिया गया, कि एक छोटी बालिका उम्र लगभग 4 - 5 वर्ष अपने परिजनों से बिछड़ कर रो रही है, जो अपना नाम पता नहीं बता पा रही है, तथा जिस भाषा का उपयोग कर रही है, वह समझ नहीं आ रहा है। जिस पर तत्काल पैंथर 01, पैंथर 02 डायल 112 टीम के द्वारा मौके पर पहुंचकर उक्त नन्ही बालिका को डायल 112 वाहन में बैठाकर थाना कोतवाली सुरक्षित लाया गया एवं चाइल्ड हेल्प लाइन को सूचना दिया गया। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कौशल किशोर वासनिक के मार्गदर्शन में उक्त बालिका के परिजनों का पता तलाश करने थाने की टीम एवं अन्य सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से परिजनों का पता तलाश किया जा रहा था, इसी दौरान बालिका के पिता श्री विजय गुप्ता शीतला वार्ड नंबर 31 कवर्धा के द्वारा थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर बालिका के गुम होने की सूचना देने पर उक्त बालिका के विषय में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर गुम बालिका से मुलाकात कराने पर बताया गया कि यह हमारी बेटी कुमारी मुस्कान उम्र 4 वर्ष है, जो अपनी दादी के साथ आज सुबह करीब 8ः30 बजे जवारा देखने गई थी तथा वहां से गुम हो गई थी जिसे हम लोगों के द्वारा लगातार पता तलाश किया जा रहा था, तथा गुम बालिका कुमारी मुस्कान के द्वारा अपने माता पिता को करीब पाकर अत्यंत ही प्रसन्न हो गई जिसे विधिवत माता पिता के सुपुर्द किया गया। गुम बालिका कुमारी मुस्कान के पिता श्री विजय गुप्ता के द्वारा कबीरधाम पुलिस एवं जिले के सम्माननीय नगर वासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## ब्राम्हणों पर राजद्रोह लगाने के फर्जी आदेश, ब्राम्हणों को बदनाम करने की साजिश

**रायपुर, 31 मार्च।** रायपुर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ शासन गृह(पुलिस) विभाग के अवर सचिव के नाम से सभी पुलिस अधीक्षको का संभोधित फर्जी पत्र से प्रदेश में हडकंप मच गया है, फर्जी पत्र सोशल मिडिया में वायरल हो रहा है पत्र में लेख है कि ब्राम्हण जो छत्तीसगढ के मंदिरो में अनाधिकृत रुप से कब्जा कर छत्तीसगढ में हिन्दु राष्ट बनाने तथा



अंधविश्वास फैलाने का काम कर रहे है पर राजद्रोह का मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाए। संदीप तिवारी ने कहा कि ब्राम्हण के खिलाफ इस प्रकार वायरल खबर से प्रदेशभर के ब्राम्हण एवं सवर्ण समाज में आक्रोश है। इस प्रकार के खबर को पुलिस विभाग को संज्ञान में लेते हुए त्वरित न्यायिक एवं कडी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की कृत की पुर्नावृत्ति न हो।संदीप तिवारी ने कहा कि ब्राम्हण एक जाति नही अपितु जीवन जीने का एक माध्यम है, एक ब्राम्हण का कार्य सर्वे भवन्तु सुखिनः है जो दूसरो की खुशी में खुशी महसूस करता है। छत्तीसगढ एक शांत प्रदेश है यहा की शांति भंग करने की साजिश हो रही है किसी भी प्रकार से यहां आपसी सौहाद्र बिगाडा जाय में माननीय गृह मंत्री से निवेदन करता हूं कि अती शीघ्र इस कृत को करने वाले दोषी व्यक्ति का पता लगाया जाये और कानूनी कार्यवाही की जाये।

## जवानों ने प्रेशर आईईडी को किया निष्क्रिय

**बीजापुर,31 मार्च।** नेलसनार थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 9 :30 बजे के लगभग छ स बल कैंप हेमलापारा के जवान सड़क सुरक्षा ड्यूटी हेतु कैंप से पांडेमुर्गा की ओर निकले थे। ड्यूटी दौरान जवानों की नजर विद्युत तार पर गई। सूझ बूझ का परिचय देते हुए जवानों ने क्षेत्र को सुरक्षित करते हुए केरिपु.165 वी़ मुख्यालय के बीडीएस टीम से चेकिंग कराई गई। बीडीएस टीम द्वारा चेकिंग दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी को निष्क्रिय करने के दौरान विस्फोट होने से 1 जवान के हाथ और पैर में चोटे आई है। घायल जवान को प्राथमिक उपचार पश्चात बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजने की तैयारी की जा रही है।मौके पर और भी आईईडी लगे होने की संभावना को देखते हुए बीडीएस टीम द्वारा चेकिंग जारी है। बीजापुर के एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि यह घटना सुबह की है, जब जवान रोड ओपनिंग के लिए नेशनल हाईवे के किनारे गस्त पर थे। उस वक्त यह हादशा हुआ है। सीआरपीएफ 165 की बीडीएस टीम के जवान को पैर व हाथ में गंभीर चोट पहुंची है। जवान रवि कुमार का प्राथमिक उपचार नेलसनार में करने के पश्चात दंतेवाड़ा के लिए रवाना किया गया है। दंतेवाड़ा से हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर भेजा जायेगा। सोमवार को प्रेशर आईईडी से एक जवान बलिदान हुआ जिले के एटेपाल में सड़क सुरक्षा में तैनात सीएएफ के जवान एपीसी विजय यादव भी प्रेशर आईईडी के चपेट में आने से मौकै पर बलिदान हो गये। इस तरह नक्सलियों के द्वारा जवानों को नुक़सान पहुंचाने के लिए पगडंडी मार्ग पर तथा सड़क के किनारे प्रेशर आईईडी लगाया जा रहा है, जिसके चपेट में आने जवानों को नुक़सान उठाना पड़ रहा है।



## लिटिल रोज स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,31 मार्च।** यहा के सी.बी.एस.सी स्कूल लिटिल रोज अंग्रेजी माध्यम ने अपना वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया,जिसमे स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। विद्यार्थियों की साल भर की मेहनत का परिणाम परीक्षा परिणाम के रूप में आज विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के समक्ष विद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया गया,जिसमें प्री प्राइमरी प्राइमरी,मिडिल,हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। प्री प्राइमरी सेक्शन में अधिक से अधिक विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं में सभी कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया एवं अच्छे अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु परीक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार की ओर से इनाम स्वरूप उपहार दिया गया। इस मौके पर यहा उपस्थित विद्यालय के डायरेक्टर पवन अग्रवाल ने उपस्थित सभी बच्चो को संबोधित करते हुये कहा कि परीक्षा का यह नियम है की इसमें कोई आगे तो कोई पीछे रहता है किंतु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि कोई भी विद्यार्थी किसी से कम है,परीक्षा परिणाम में अंकित अंक केवल यह दर्शाते हैं कि विद्यार्थी ने कितनी मेहनत की है एवं विद्यालय एवं शिक्षकों द्वारा जो ज्ञान दिया गया है उसका कितना भाग विद्यार्थी ने अर्जित किया है। स्कूल के प्राचार्य हेमंत यादव ने भी सभी बच्चो को उज्जवल भविष्य की बधायी देते हुये आगामी शिक्षा सत् की जानकारी दी।।



## जोगपाल पब्लिक स्कूल के सचमन सिंह ने दूसरी में 99.8 फीसदी अंक प्राप्त किया

**पत्थलगांव, 31 मार्च।** पुराने शिक्षा सत्र के परीक्षा परिणाम आने शुरू हो गए है,इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में बालक बालिकाओं के अलावा अपना नाम रौशन करने में बच्चे भी पीछे नहीं है। यहां के जोगपाल पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा दूसरी के सचमन सिंह भाटिया पिता विक्की भाटिया ने कक्षा दूसरी में 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ अपने शिक्षको का भी मान बढ़ाया। इस मौके पर बच्चे के परिवार वालों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जोगपाल स्कूल के शिक्षको का आभार जताया।



## रामनवमी उत्सव पर शोभायात्रा निकली



**बीजापुर, 31 मार्च। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रामनवमी उत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सैकड़ों राम भक्तों ने जय श्रीराम के उदघोष के साथ मुख्य सड़क पर राम भक्तों के साथ महिलाओं, युवाओं व बच्चों का जत्था बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रामनवमी का उत्सव मनाया। इस सबसे खास बात यह रही कि सभी हिंदू संगठनों ने एक साथ मिलकर इस उत्सव को और आकर्षक बनाया। शाम से बीजापुर शहर में फटाखे व डीजे के धुन में भक्तगण, महिलाओं व युवाओं का जोश जबरदस्त देखा गया। इस पर्व में बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने शिरकत कर सभी भक्तों को बधाई दी व शोभायात्रा में शामिल भी हुये।

## अकबर ने कवर्धा के महामाया और काली मंदिर में पूजा-अर्चना की



**कवर्धा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने चैत्र नवरात्रि के सप्तमी में कवर्धा के महामाया और काली मंदिर में देवी मां की पूजा-अर्चना की। मंत्री श्री अकबर ने प्रदेश की सुख, शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने माता काली और महामाया में श्रीफल, माता की चुनरी और पूजन सामग्री चढ़ाई और विधि-विधान पूर्वक मंत्रोच्चार के साथ पूजा आरती की। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने ज्योति कक्ष में पहुंचकर ज्योति कलश के दर्शन किए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा,जिला कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष नीलकंठ साहू, जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मोहम्मद कलीम , कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, पार्षद अशोक सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

## शोभायात्रा के दौरान पानी गिरा पर कम नहीं हुआ भक्तों का उत्साह


■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव, 31 मार्च। रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान जमकर बारिश हुयी,परंतु बारिश राम भक्तो के उत्साह को कम नही कर पायी। दिन गुरूवार को दूसरे पहर भगवान राम की शोभायात्रा शहर भ्रमण करने के लिए निकली थी,जशपुर रोड मे शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया,जगह-जगह स्वागत द्वार के साथ शोभायात्रा मे चल रहे श्रद्धालुओ के लिए जलपान की व्यवस्था करायी गयी थी। राम भक्तो का उत्साह इस मर्तबा बढचढ कर देखा गया। पूरे रास्ते भर जय श्री राम,जय हनुमान के नारे लगाये जा रहे थे। अनेक प्रकार की सजी वाहनो मे राम सीता की झांकी के साथ मां काली एवं जामवंत की अगुवाई मे वानर सेना की झांकी लोगो को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। सडको पर खडे रहने के अलावा लोग शोभा यात्रा के लिए घर की छतो पर भी खडे होकर दर्शन करने के लिए लालायित नजर आ रहे थे। राम नवमी के पर्व को भव्य बनाने के लिए रामनवमी सेवा समिती द्वारा एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। पूरे शहर को भगवा ध्वज से लहराया गया था,जगह-जगह स्वागत द्वार बनाये गये थे,दिन गुरूवार को पहला पहर बीतते ही शोभायात्रा निकाल दी गयी थी,ढोल ताशे डी.जे की धुन पर युवक युवतीयां छोटे बच्चे नाचते गाते शोभायात्रा की शान बढा रहे थे। शोभा यात्रा से पहले राम भक्त युवको ने शहर मे मोटरसायकल रैली निकाली थी,युवक भगवा वस्त्रो मे भगवा ध्वज लहराकर सनातन धर्म का संदेश दे रहे थे। दिन गुरूवार की सुबह से ही शहर जय श्री राम के नारो से गुंज रहा था। शोभायात्रा जशपुर रोड से जैसे ही वापस होते हुये इंदिरा चौक के करीब पहुंची तेज गडगडाहट के साथ बादल एवं भारी बारिश ने विघ्न डालने की कोशिश जरूर की। कई देर तक घनी बारिश होते रहने के बाद भी राम भक्त अपने आराध्य की भक्ति मे कमी आने नही दिये। तीनो रोड का भिगते बारिश मे भ्रमण करने के बाद रामभक्त शोभायात्रा को लेकर यहा के बस स्टैन्ड स्थित जय स्तंभ चौक के करीब पहुंचे।।



**महाआरती का हुआ आयोजन-** बस स्टैन्ड के बीच जय स्तंभ चौक पर शोभायात्रा के पहुंचते ही बनारस से आये विद्वान पंडितो ने महाआरती का आयोजन किया। आरती मे सम्मिलित होने मानों पूरा शहर उमड़ पड़ा था। यात्री प्रतिक्षालय के उपर सैकड़ों की तादाद मे लोग खडे होकर महाआरती मे शामिल हुये। बनारस की गंगा आरती के तर्ज पर हो रही आरती में हर कोई व्यक्ति अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता था,यही कारण था कि पूरा बस स्टैन्ड महाआरती कें वक्त खचाखच भर गया था। इस दौरान भी बारिश ने विघ्न डालने की पूरी कोशिश की,परंतु महाआरती को रोक नही सकी।

**आतिशबाजी से जगमगाया आसमान-** इंदिरा चौक के करीब राम भक्तो ने घंटो भर आतिशबाजी कर पूरे आसमान को जगमगा दिया। बारिश की फुहारों के बीच आतिशबाजी की रौशनी कई गुना सुंदरता बढ़ा रही थी,इस कार्यक्रम के पश्चात सत्यनारायण मंदिर परिसर में सभी रामभक्तों ने शहरवासियों के साथ भंडारा ग्रहण किया। रामनवमी सेवा समिती ने महाप्रसाद का भी आयोजन किया था,इस पूरे कार्यक्रम को सफ्ल बनाने मे श्रीराम सेवा समिति के सदस्यो के अलावा शहर के लोगो ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इधर आयोजन को लेकर पुलिस ने काफी अच्छी व्यवस्था की थी,जिसके कारण कही कोई व्यवधान उत्पन्न नही हुआ।।


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत
वन परिक्षेत्र कार्यालय नरहरपुर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री आशाराम नेताम
जिलाध्यक्ष-अनुसूचित जनजाति मोर्चा, भाजपा कांकेर


तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. रविन्द्र चौबे
कैबिनेट मंत्री छग शासन
निकेश जैन
अध्यक्ष-व्यापारी संघ, साजा


पंडरिया विधायक श्रीमती ममता मनोज चंद्राकर
और फैमिली की तरफ से
तरुण छत्तीसगढ़ परिवार को तरुण छत्तीसगढ़
स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं


कैबिनेट मंत्री एवं साजा विधायक रविन्द्र चौबे भैया के साथ
पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्व. ऋषभचंद जैन का यादगार लम्हा
तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संजय जैन
युवा बिजनेसमैन
मिथुन जैन
युवा कांग्रेसी


कवर्धा शहर महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष
श्रीमती रानू मनोज दुबे
की तरफ से तरुण छत्तीसगढ़
परिवार को स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई


तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी
अध्यक्ष- जनपद पंचायत कवर्धा


तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विनीत-सहज योग ध्यान केंद्र बोडला कबीरधाम छत्तीसगढ़
मोबाइल नंबर-73897 16797
परम पूज्य माता श्री निर्मला देवी


तरुण छत्तीसगढ़
के स्थापना दिवस एवं श्रीरामनवमीं
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रामकृष्ण साहू
जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र. क्र.13 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
ओबीसी भाजपा उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ कबीरधाम
अध्यक्ष-जैव विविधता फारेस्ट समिति कबीरधाम

## संपादकीय

# राजनीति में समझौता करना पड़ता है

काइ राजनाात म ह आर वह साच कि वह किसा स समझाता नहा करगा ता एसा संभव नहीं होता है। राजनीति में सबकों को संमझौता करना पड़ता है। कभी अपने राजनीतिक हित के लिए तो कभी दूसरों को राजनीतिक हित के लिए समझौता करना जरूरी हो जाता है। इसलिए जो नेता राजनीति में अपने अहंकार को कम कर लेता है, उसे परेशानी नहीं होती है। परेशानी उस नेता को होती है जो अहंकारी होता है जो बड़ी बड़ी बातें करता है लेकिन बाद में वह अपनी बातों पर कायम नहीं रह पाता है। कोई नेता कहे कि वह किसी से माफी नहीं मांगेगा। यह वाकई उसका अहंकार है। संसार में कोई ऐसा आदमी नहीं हुआ है जिससे जीवन में गलती न हुई हो। गलती होती है तो उसके लिए माफी मांगनी पड़ती है। इसलिए कोई यह कहे कि वह किसी से माफी नहीं मांगेगा और जब वह अपनी बात पर कायम नहीं रह पाता है तो वह सबकी नजर में हंसी का पात्र बन जाता है। सबकी नजर में हंसी का पात्र बनने से अच्छा है कि कोई ऐसी बात न कही जाए जिसके लिए बाद में हंसी का पात्र बनना पड़े। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ऐसे ही नेता है जिन्हं अपनी जल्दी में कही गई बातो के लिए बार बार हास्यास्पद स्थिति का सामना करना पड़ता है। हाल ही में राहुल गांधी को यह बयान जारी करना पड़ा कि वह अपने सहयोगी दलों का भावनाओं का ख्याल रखेंगे। राहुल गांधी को यह बयान इसलिए जारी करना पड़ा क्योंकि भाजपा उनसे लंदन वाले बयान के लिए माफी की मांग कर रही हौ। मानहानि के मांमले में भी उनसे अपेक्षा की जा रही थी कि वह माफी मांग लें तो राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर कहा था वह माफी नहीं मांगेंगे क्योंकि वह गांधी है, सावरकर नहीं है। उनके कहने का मतलब यह भी निकाला जा सकता है कि जो वीर सावरकर को मानते है,वह माफी मांगनेवाले होते हैं। वीर सावरकर ने माफी मांगी थी, इसलिए वह कैसे स्वतंत्रता सं्ग्राम सेनानी हो सकते हैं। हम तो गाधी है हम कभी माफी नहीं मांगते हैं। यानी गांधी माफी नहीं मांगता है इसलिए वीर सावरकर से बेहतर है। उनकी कोशिस गांधी को सावरकर से बेहतर बताने की थी।यह बात शिवसेना उध्दव गुट को नागवार गुजरी। हमेशा की तरह उसने इस बात पर नाराजगी जताई। कहा यह वीर सावरकर का अपमान है, शिवसेना वीर सावरकर का अपमान नहीं सहेगी। एनसीपी के शरद पवार ने कांग्रेस नेताओं से बात की तथा राहुल गांधी को समझाने को कहा कि वह वीर सावरकर के बारे में बोलना बंद करे। नहीं तो महारष्ट्र में गठबंधन को बनाए रखना मुश्किल होगा। संजच राउर ने इस मामले में राहुल गांधी से बात की उसके बात उन्होने बयान दिया है कि शिवसेना व कांग्रेस के बीच जो समस्या थी, वह हल कर ली गई है। अब राहुल गांधी वीर सावरकर के बारे में नहीं बोलेंगे। संजय राउत के बयान के बाद राहुल गांधी ने भी बयान दिया है कि वह अपने सहयोगी दलों की भावनों का ख्याल रखेंगे, ऐसा कुछ नहीं कहेंगे कि जिससे उनकी भावनाए आहत हों। अच्छी बात है कि राहुला गांधी का यह हकीकत जल्दी ही समझ में आ गई कि आज कांग्रेस की स्थिति ऐसा नहीं है कि वह सहयोगी दलों को नाराज कर अपनी राजनीति कर सके। कांग्रेस की राजनीतिक हकीकत यह है कि वह भाजपा से दो लोकसभा चुनाव हार चुकी है। उसे ज्यादा से ज्याादा 44 व 52 सीटें मिली हैं. इससे वह कमजोर हो गई है। इसके साथ ही वह राज्यों के ज्याादातर चुनाव हार गई इससे वह केंद्र के साथ ही राज्यों में भी कमजोर हो गई तथा उसका विपक्षी दलों पर जो दबदबा था, वह भी समाप्त हो गया है। आज कांग्रेस को भाजपा को हराने के लिए विपक्षी दलों की जरूरत है। विपक्षी दलों को भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस की जरूरत नहीं है। कांग्रेस को विपक्ष तब मजबूत मानती है जब वह केंद्र में होती है। आज जब कांग्रेस न केंद्र में है नही ज्यादातर राज्यों में है, ऐसा में विपक्ष की उम्मीद करता है कि कांग्रेस उसका कहना माने। वह विपत्र के सामने मजबूर है, विपक्ष उसके सामने मजबूर नहीं है। कांग्रेस चाहती है कि विपक्ष राहुल गींधी के नेतृत्वक को स्वीकार कर ले। विपक्ष का कहना है कि अभी सवाल नेतृत्व की नही है,अभी तो सवाल अपने अपने राज्य में भाजपा को हराने का है। चाहे विधानसभा चुनाव है या केंद्र का चुनव हो, विपक्ष को एकजुट होकर चुनाव लड़ना है हर सीट पर भाजपा के खिलाफ एक ही प्रत्याशी हो ऐसा प्रयास किया जाए। पीएम कौन बनेगा इसका फैसला चुनाव के बाद कर लिया जाएगा। पहले तो भाजपा को हराना है, हराने पर यह सवाल उठेगा कि पीएम कौन होगा। जब तक भाजफा को हराया नहीं जाता है, पीएम कौन होगा यह सवाल बेमानी है। पीएम का फैसला बाद में आराम से किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**

आज आपका दिन मंगलमय होगा। पिछले कुछ समय से जिन कार्यों के प्रति आप मेहनत कर रहे थे, आज उनके शुभ परिणाम उम्मीद से ज्यादा प्राप्त होंगे। नजदीकी रिश्तेदारों के घर जाने का आमंत्रण मिलेगा। आपसी मेलजोल से समय अच्छा व्यतीत होगा। धार्मिक कार्यों के प्रति भी रुझान बढ़ेगा। थकावट रहेगी व हल्की चिंता सताएगी। मन अनमना सा रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**

आज आप मन की सुनेंगे और लाभान्वित भी होंगे। व्यवसाय संबंधी कोई भी डील फाइनल करते समय समझदारी और सूझबूझ से काम लेते हुए लाभ प्राप्त करेंगे। कुछ नए आर्डर व अनुबंध भी मिलने की संभावना है। लाभ के स्रोत बढ़ने के योग बने हुए हैं। इसलिए भरपूर मेहनत करें। स्वास्थ्य बढिया रहेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**

आज आपका दिन अनुकूल होगा। आपके रुके हुए राजकीय काम किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से सुलझ सकते हैं, इसलिए प्रयासरत रहें। बच्चों की समस्याओं को सुचारू रूप से सुलझाने में भी आपका विशेष योगदान रहेगा। तथा आप अच्छे अभिभावक भी साबित होंगे। जीवनसाथी की सलाह सर्वोत्तम होगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**

आज आपका दिन मनोनुकूल होगा। फिर भी व्यवसाय संबंधी कार्यों में नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। तथा अनैतिक कार्यों में भी किसी भी प्रकार की रुचि ना लें। परिवार कुटुम्ब के साथ समय बिताएँ मानसिक सन्तुष्टि होगी। नौकरी पेशा लोग अपने काम से मतलब रखें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**

आज भाग्य और मेहनत दोनों ही अनुकूल रहेंगे। घर के वरिष्ठ व्यक्तियों का मान सम्मान संबंधित ध्यान रखना तथा उनके साथ समय व्यतीत करना उन्हें खुश व स्वस्थ तथा आपको आत्मिक खुश रखेगा। उनकी मदद से चल रहा कोई पारिवारिक मसला भी हल होगा। घर में मेहमानों की आवाजाही से चहल-पहल रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**

आज रोजगार के लिए शुभ योग हैं। आध्यात्म में रूचि बनेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। मनोरंजन के लिए समय मिलेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थान परिवर्तन के ऑर्डर आ सकते हैं। विद्यार्थियों की रूचि पढाई करने में बनेगी। स्वास्थ्य लाभ निश्चित है।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**

आज आप रोजमर्रा की दिनचर्या से हटकर कुछ समय आत्म अवलोकन करने में भी व्यतीत करें। इससे आपको अपने काफी उलझी हुई व्यक्तिगत चीजों को व्यवस्थित करने में आसानी होगी। साथ ही अभी तक लग रहे असंभव कार्य को भी संभव करने संबंधी रूपरेखा बनेगी। मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**

आज आपका दिन सन्तुष्टि करने वाला होगा। ऊर्जा का विकास होगा। किसी भी काम को दूसरे के साथ मिलकर करने की अपेक्षा अपनी कार्य क्षमता पर ही विश्वास रखें। बाहरी गतिविधियों पर ध्यान देने की अपेक्षा अपने कार्यस्थल पर ही समय व्यतीत करें। कार्य संबंधी सभी नकारात्मक और सकारात्मक पहलुओं पर विचार करें। स्वास्थ्य सही रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**

आज किसी भी कार्य को शुरू करने के लिए दिन शुभ रहेगा। आपके सितारे तथा भाग्य आपके लिए शुभ अवसर का निर्माण कर रहे हैं। इन अवसरों का भरपूर स्वागत करें। तथा अपनी कार्य क्षमता और योग्यता पर विश्वास रखें। आप प्रत्येक काम को हल करने में सक्षम रहेंगे। कुछ नजदीकी लोगों के साथ मेल मुलाकात भी होगी। बड़ो से आशीर्वाद लें। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**

आज व्यापार में कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को कार्य रूप देने में किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति रहेगी। बेहतर होगा कि किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह अवश्य लें। नौकरीपेशा व्यक्ति भी ऑफिस में सामंजस्य बिठाने में कुछ असहज महसूस करेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**

आज आपका दिन शुभ रहेगा। कार्य क्षेत्र में वर्तमान में जैसा चल रहा है, उसी पर ही ध्यान केंद्रित रखें। दूर-दराज की पार्टियों के साथ संपर्कों को और अधिक मजबूत करेंगे। इससे आपको बेहतरीन आर्डर प्राप्त होंगे। नौकरी पेशा व्यक्ति अपने अधिकारियों के साथ संबंध मधुर बनाए रखें। माता पिता बड़े बुजुर्गों की सेवा का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**

आज आपका दिन अनुकूल परिणाम वाला होगा। इस समय वर्तमान कार्यों पर ध्यान केंद्रित रखना उचित है। भविष्य की योजना संबंधी किसी कार्य को करने का शुभ अवसर है। इस समय ग्रह गोचर आपके चलते कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। पारिवारिक व्यक्तियों का सहयोग भी आपके कई दुविधाओं को दूर करेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

# धर्म एवं राजनीति का घालमेल घातक है

**राजनीति**

**ललित गर्ग**



धर्म और राजनीति के घालमेल से समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा हो रही है, राजनीति धर्म का बेजा इस्तेमाल करते हुए अपने वोट बैंक को बढ़ाने में लगे हैं तो तथाकथित धर्म के ठेकेदार एवं धर्मगुरु राजनीतिक मंचों का उपयोग करते हुए स्वयं को चमकाने में लगे हैं, दोनों ही अपने स्वार्थ पूर्ति के लिये धर्म की मूल आत्मा को ध्वस्त कर रहे हैं, इस तरह की घटनाओं को लेकर लगातार कई मंचों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। लेकिन यह विडंबना ही है कि यह घालमेल बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी समीचीन है कि जब तक धर्म और राजनीति को अलग-अलग नहीं करेंगे, नफरत की आंधी पर विराम नहीं लगेगा। सार्वजनिक मंचों पर सभी यह मानते हैं धार्मिक वैमनस्यता, नफरत, घृणा, द्वेष उचित नहीं है, लेकिन व्यवहार में ऐसा होता नहीं दिखता। जाहिर है कि राजनेताओं और धर्माचार्यों के एक वर्ग ने स्वार्थवश न तो राजनीति को पवित्र रहने दिया है और न ही धर्म को। जबकि धर्म का पहला मंत्र ही स्वार्थ से मुक्ति पाना है। भारतीय संस्कृति की आत्मा ही धर्म है, लेकिन वास्तविक धर्म क्रियाकांड, आडम्बर एवं एक दूसरे को नीचा दिखाने में नहीं है। धर्म तो जीवन का स्वभाव है, खुद को पवित्र करने का जरिया है।

राजनीति पर धर्म का नियंत्रण हो, यह अपेक्षित है। लेकिन कौनसे धर्म का नियंत्रण? वास्तविक धर्म न तो पंथ, मत, सम्प्रदाय, मन्दिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य और अहिंसा है, धर्म तो जीवन रूपान्तरण की, आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। धर्म इंसानों को जोड़ने का माध्यम है न कि तोड़ने का। धर्म तो त्रस्त, दुःखी एवं व्याकुल मानव-जीवन को आत्मिक सुख-शांति एवं राहत की ओर मोड़ने वाला है। जो नारकीय धरातल पर खड़े जन-जीवन को सर्वोच्च स्वर्गीय धरातल की ओर आकृष्ट करने वाला है। धर्म की इस उत्कृष्टता को हिंसा, अलगाव, बिखराव कहां स्वीकार्य है। इसलिये जरूरी है कि तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे। अगर भारत माता के शरीर पर धर्म के नाम पर बड़े-बड़े घाव करके भी हम कुछ नहीं सीख पाये, आस्था को उन्माद बनाने से नहीं रोक पाये, वोट के लिए धर्म की राजनीति करना नहीं छोड़ा और सर्वधर्म समभाव की भावना को पुनः प्रतिष्ठापित नहीं किया तो यह हम सबका दुर्भाग्य होगा। इसलिये सबको सन्मति दे भगवान।

धर्म और राजनीति का मेल होना चाहिए या नहीं, इस पर पहले भी व्यापक बहस होती रही है। एक वर्ग यह मानता है कि धर्मविहीन राजनीति अपना उद्देश्य कभी पूरा नहीं कर पाती। धर्म के बिना राजनीति मधु के बिना मधुमक्खियों के छत्ते की तरह है, जो सिर्फ लोगों को काट ही सकती है। इस तर्क में भी तभी तक दम है जब तक धर्म को उसके सच्चे अर्थों में स्वीकार किया जाए। ऐसे भारतीय इतिहास में ऐसे असंख्स उदाहरण मौजूद हैं जब शासनाध्यक्षों ने अपने समय के सिद्ध धर्माचार्यों की शरण में रह कर उनके दिग्दर्शन में राजकाज चलाया। लेकिन वैसे धर्माचार्य कभी शासनाध्यक्ष नहीं बने। लेकिन समय के साथ-साथ धर्म और राजनीति दोनों में विद्रूपता भी आई है। रही-सही कसर गुलामी के सैकड़ों वर्षों एवं भारत विरोधी शक्तियों ने पूरी कर दी। आज तो राजनीति कथित धर्माचार्यों के सिर चढ़कर बोल रही है। धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले राजनेता कानून और व्यवस्था की लक्ष्मण रेखाएं लांघ रहे हैं। ÷रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई÷ इस आदर्श को निभाने वाले लोग देश को संगठित करने, ताकतवर बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय जिन मुद्दों पर चिन्ता व्यक्त कर रही है, राजनीतिज्ञ, कर्णधार, धर्मगुरु और नेतृत्व देने वाले ऐसी चिन्ता क्यों नहीं कर पा रहे हैं? वे अगर तात्कालिक एवं दूरगामी नतीजे का अनुमान नहीं लगा पाए तो यह देश का दुर्भाग्य है। देश की शीर्ष अदालत ने नफरत फैलाने वाले बयानों (हेट स्पीच) को रोकने में नाकाम रहने पर सत्ता को फटकारते हुए यहां तक कह दिया कि वह नपुंसक की तरह व्यवहार कर रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना मूल रूप से राज्यों का काम है, इसलिए हेट स्पीच पर रोक लगाने की जिम्मेदारी भी मुख्य रूप से राज्यों की बनती है। लेकिन राज्य सरकारें इसके लिए कोई प्रभावी कदम उठाती नजर नहीं आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर राज्य होता ही क्यों है? आजादी के दीवानों को भी धर्म और राजनीति के अनैतिक घालमेल की आशंका रही होगी, इसीलिए उस दौरान यह विचार तेजी से आगे बढ़ा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने इस विचार को बखूबी आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, गुरू गोविन्दसिंहजी जैसे अनेक धर्मगुरु वास्तविक धर्म की स्थापना के लिये तत्पर रहे हैं, वे व्यवहार में पूरे धार्मिक थे, लेकिन राजनीति में इससे दूर रहे। भारतीय पुनर्जागरण के दौरान भी धर्म और राजनीति से ऊपर देशहित को रखा गया और विभिन्न धर्मावलंबी कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते रहे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता जायज ही कही जाएगी।



हमारा राष्ट्र सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष-(पंथ निरपेक्ष कहना चाहिए) समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है, इससे हटकर हमारी मान्यताएँ, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति सुरक्षित नहीं रह सकती, हमारा देश एक नहीं रह सकता। हम सब एक राष्ट्र के नागरिक के रूप में जी नहीं सकते। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए विश्व की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर राष्ट्र को तथाकथित साम्प्रदायिक ताकतें एवं भारत विरोधी शक्तियां अपने उन्माद में, अपने स्वार्थ में, अपनी राजनीतिक उद्देश्यों में इसे कमजोर करते हैं तो ऐसी ताकतों से राष्ट्र की रक्षा की जानी जरूरी है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है, बल्कि खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी राष्ट्रीयता को, हमारी सांझा संस्कृति को हैं, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, लेकिन अल्पसंख्यक बहुतसंख्यक तो नहीं हो सकते। तो इस सच्चाई को स्वीकार करके रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए? देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं, वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो उनके नैतिक दायित्व भी हैं। देश एवं सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। वोटों के लिए जिस प्रकार की धर्म की राजनीति चलाई जा रही है और हिंसा को जिस प्रकार समाज में प्रतिष्ठापित किया जा रहा है, क्या इसको कोई थामने का प्रयास करेगा? राजनीति का व्यापार करना छोड़ दीजिए, भाईचारा अपने आप जगह बना लेगा। कोई भी परिवार, समुदाय या राष्ट्र एक-दूसरे के लिए कुर्बानी करने पर ही बने रहते हैं। क्या देशवासी एकजुट होकर पूर्वाग्रह, आग्रह एवं दुराग्रह उत्सर्ग करने के लिए तैयार होंगे। यह आज सबसे बड़ा राष्ट्रीय प्रश्न है और समय की मांग है, जो शताब्दियों में किसी राष्ट्र के जीवन में कभी-कभी आता है।

आज नया भारत, सशक्त भारत को निर्मित करते हुए हमें ऐसे धर्म की स्थापना करनी होगी जिसमें आदमी अशांति में से शांति को ढूंढ निकाले, अपवित्रता में से जो पवित्रता को ढूंढ ले, असंतुलन में से जो संतुलन को खोज ले, हिंसा में से जो अहिंसा को स्थापित कर दे और अंधकार में से जो प्रकाश को पा ले। यह काम कोई भी धार्मिक तो कर सकता है लेकिन कोई राजनीति या राजनेता नहीं कर सकता। धार्मिक अधर्म से लड़े, यह तो समझ में आता है, किन्तु एक धार्मिक दूसरे धार्मिक से लड़े, यह दुःख का विषय है। इसीलिये इस दुःख को देने वाले राजनेताओं से धर्म की रक्षा करना जरूरी है।

# जान के दुश्मन बनते आवारा कुत्ते

**गंभीर मुद्दा**

**प्रियंका सौरभ**

भारत के मीडिया में लगातार 'आवारा कुत्तों का खतरा' सुर्खियों में रहता है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। इसके बावजूद इन खबरों के प्रति समाज बेसुध बना रहता है। कभी-कभार यह जड़ता कुछ भयावह घटनाओं के साथ टूट जाती है। राज्यों, केंद्र, न्यायपालिका, नगर पालिका और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इस संकट की स्वीकृति के बावजूद यह समस्या बढ़ती ही जा रही है।

कुत्तों का मानव के विकास क्रम के साथ साहचर्य का एक अनूठा संबंध रहा है। यह उनके कल्याण के लिए जिम्मेदार होने की नैतिक दुविधा इंसान के सामने पैदा करता है, लेकिन इसके अपने खतरे भी हैं क्योंकि कुत्तों का विकास भेड़िये और उसकी प्रवृत्ति से जुड़ा है। भारत के लिए भले ही यह एक अबूझ पहेली हो, लेकिन बाकी दुनिया के अधिकांश हिस्सों ने आवारा जानवरों के अधिकारों को मान्यता नहीं दी है। यदि ऐसे पशुओं को पट्टे से बांध कर रखा जाता है और पंजीकृत किया जाता है, तो उसे पालने वाले उसकी देखभाल करने के लिए बाध्य माने जाते हैं। यदि ऐसा नहीं है, तब अंतिम उपाय के रूप में राज्य सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में उन्हें मार देने के लिए बाध्य है। आवारा कुत्तों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 और अधिनियम की धारा 38 के तहत अधिनियमित नियमों, विशेष रूप से पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 के तहत संरक्षित किया जाता है। यह किसी व्यक्ति, आरडब्ल्यूए, या संपत्ति प्रबंधन के लिए अवैध बनाता है कुत्तों को हटाना या स्थानांतरित करना। सभी आवारा कुत्तों में से केवल 15त्न को ही टीका लगाया गया है। भारत की आवारा आबादी बहुत बड़ी है, गोद लेने की गति बहुत धीमी और सीमित है क्योंकि बहुत से लोग केवल विदेशी नस्ल के कुत्ते ही चाहते हैं।

पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और पशु जन्म नियंत्रण (कुत्ते) नियम, 2001 (अद्यतन किया जा रहा है) का उद्देश्य आवारा पशुओं की आबादी को सीमित करना है लेकिन सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार में इनका कोई लाभ नहीं होता। प्रस्तावित मसौदा नियम, या पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2022, नसबंदी और टीकाकरण में केवल प्रक्रियात्मक बदलावों को सामने रखते हैं, केवल ÷लाइलाज बीमार और घातक रूप से घायल÷ कुत्तों को ही मारने की इजाजत देते हैं, और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को अपने इलाके के में आवारा जानवरों को खिलाने का जिम्मेदार मानते हैं। पीसीए और एबीसी के नियम यह स्वीकार करते हैं कि अनियंत्रित आवारा कुत्तों को रोका जाना चाहिए, हालांकि यह समस्या की भयावहता के लिहाज से मायने नहीं रखता क्योंकि प्रत्येक 100 भारतीयों पर लगभग एक आवारा पशु है। लगभग 21,000 पर, रेबीज से होने वाली सभी मौतों में से एक तिहाई से अधिक भारत में होती है। पिछले पांच वर्षों से, 300 से अधिक लोग - ज्यादातर गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चे - कुत्तों द्वारा मारे गए हैं। 2017 के एक अध्ययन से पता चला है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर कुत्ते भी वन्यजीवों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। 80 से अधिक प्रजातियां, जिनमें से 30 से अधिक लुप्तप्राय सूची में हैं, जंगल क्षेत्रों में कुत्तों द्वारा लक्षित की गई थीं। कुत्ते जो अकेले बाहर हैं वे सड़क पर दौड़ते समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, जिससे उन्हें और अन्य लोगों को चोट भी लग सकती है।

आवारा कुत्ते कचरा बैग खोलने का आनंद लेते हैं और वे कचरे को बिखरेने का कारन हो सकते हैं और पर्यावरण और सड़क के चारों ओर बिखरा हुआ कचरा दूर दूर तक फैला सकते हैं। आवारा कुत्ते भोजन के लिए पड़ोस को मैला करेंगे और खुले कचरे के डिब्बे तोड़ सकते हैं और बगीचों को नुकसान कर सकते हैं। जो लोग आवारा कुत्तों को खाना खिलाते हैं, उन्हें उनके टीकाकरण के लिए जिम्मेदार बनाया जा सकता है और अगर किसी पर जानवर का हमला होता है तो वह लागत वहन कर सकता है। प्रत्येक रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पुलिस डॉग स्क्वायड के परामर्श से ÷गार्ड एंड डॉग पार्टनरशिप÷ बनाना चाहिए। ताकि कुत्तों को प्रशिक्षित किया जा सके और फिर भी वे कॉलोनी के निवासियों के अनुकूल हों। नगर निगम, निवासी कल्याण संघ और स्थानीय कुत्ते समूहों को पशुओं का टीकाकरण और बंध्याकरण करना चाहिए। बीमार जानवरों, आक्रामक जानवरों को मौत के घाट उतारना होगा। एकमात्र दीर्घकालिक समाधान सख्त पालतू स्वामित्व कानूनों को लागू करना है, लोगों को हर जगह लापरवाही से कुत्तों को खाना खिलाना प्रतिबंधित करना और घरेलू कुत्तों के लिए सुविधाएं स्थापित करना है।

अधिक स्टाफ और फंड की सख्त जरूरत है। नसबंदी के अलावा गोद लेने पर भी ध्यान देना चाहिए। और हमें इस संकट को मानवीय रूप से हल करने में मदद करने के लिए कुछ करुणा ढूंढनी चाहिए। जब तक सड़कों पर कुत्ते बेघर हैं, लोगों और कुत्तों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ रेबीज मुक्त भारत का विचार एक यूटोपियन सपना होगा। कुत्तों को बेघर रखना कुत्तों के लिए बुरा है, लोगों के लिए बुरा है और वन्यजीवों के लिए बुरा है। कमजोर (गरीब और उनके बच्चे) आदमी की उपचार तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिहाज से भारत में बुनियादी ढांचे और तंत्र की कमी है। ऐसे मे, नसबंदी और टीकाकरण के साथ कुत्तों की संख्या कम होने की उम्मीद करना एक कोरी कल्पना है। भारत ने 2030 तक रेबीज को खत्म करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन आवारा कुत्तों से खतरे को सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में जब तक सबसे पहले मान्यता नहीं दे दी जाती तब तक भारत के निर्धनतम लोग सुस्त नारेबाजी की बलिवेदी पर सुरक्षित सार्वजनिक स्थानों पर अपने अधिकार से महरूम होते रहेंगे।

# नचनिया की दुकनिया

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,**



हमारे एक लेखक मित्र हैं। वे आजकल की हिंदी फिल्में देखने का बड़ा शौक़ रखते हैं। उन्हें लगता है कि जब कभी गाली-गलौज करना हो या फिर भड़ास निकालनी हो तो आजकल की हिंदी फिल्मों से बढ़कर कोई दूसरा बहाना नहीं हो सकता है। एक दिन वे इसी के बारे में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहने लगे- आजकल की फिल्में देखकर मुझे बनाने वालों और उसमें अभिनय करने वालों पर तरस आता है। फिल्में वे करते हैं और मरना हमें पड़ता है। मारने का इतना ही शौक है तो अपने परिवार वालों को मारें। आम जनता ने उनका क्या बिगाड़ा है। उनका अभिनय देखकर पचा-पचाया भोजन गड़बड़ाने लगता है। आज के जमाने में इन फिल्मों को देखने वालों के लिए इक्कीस तोपों की सलामी बनती ही है। फिल्म के नाम पर 'नचनिया की दुकनिया' चला रहे हैं। हाँ कभी कभार कुछ ऐसी फिल्में आ जाती हैं जो वाह-वाह करने अथवा दस्ती से आँख पोंछने पर मजबूर कर देती हैं। वरना हम तो वो हैं जो इसका इस्तेमाल सिर्फ शर्म से बहती नाक और प्रदूषण के दुर्गंध से बचने के लिए करते हैं।

मैंने उत्सुकता के साथ पूछा- इसका मतलब आजकल की फिल्में फिल्म देखने लायक है? मेरा इतना पूछना भर था कि उन्होंने तुरंत पलटकर जवाब दिया -मैंने कब कहा कि फिल्में देखने लायक है? यदि सच्चाई दिखाने से फिल्में पैसा बटोर लेती तो कल्पना और झूठ के बल पर करोड़ों का व्यापार करने वाली फिल्में देखने कुत्ता भी नहीं जाता। भैया ये भी कोई फिल्में हैं? शुरु से लेकर आखिरी तक रोना ही रोना। मार-धाड़। आइटम सांग। इसमें हमारे रोने के अलावा कुछ है ही नहीं। और जब रोना ही है तो इन्हीं फिल्मों को देखने की क्या जरूरत है? क्या दुनिया में दुखों की कमी है? एक ढूँढ़ों हजार मिल जायेंगे। अरे मैं तो कहता हूँ धरती पर जितना ऑक्सीजन नहीं है उससे ज्यादा तो दुख है। इन फिल्मों में मनोरंजन के मसाले की कमी साफ़ झलकती है। बिना मसाले की सब्जी और फिल्म दोनों फीकी होती है।

मैं कुछ पूछता उससे पहले ही वे मुझे भांप गए। कहने लगे ङ्क मसाले का मतलब समझते भी हो। इस फिल्म में न ढंग के गाने हैं, न रोमांस। अरे फिल्में तो ऐसी होनी चाहिए जिसमें थोड़ी फैंतसी हो। पप्पी-झप्पी हो। रोमांस हो। सच्चाई दिखाओ लेकिन इन सारे मसालों को मिलाकर दिखाओ। तब देखना फिल्म कितना रुपया बटोरती है।

मैंने उनकी बात को काटते हुए कहा- सच्चाई को दिखाने वाली फिल्में जब फैंटसी पर उतर आती हैं तब सच फैंटसी के पीछे छिप जाता है। ऐसी फिल्में व्यावसायिक और बेईमानी भरी होती हैं। यह आंखों देखा हाल नहीं दिखा सकतीं। मनोरंजन करने वाली फ़िल्म सिर्फ मनोरंजन कर सकती हैं। एक गाने पर सौ बार लोकेशन और कपड़े बदलने वाले दृश्य केवल कोरे दृश्य बनकर रह जाते हैं। वे हमारी दृष्टि नहीं बन सकते। मनोरंजन में दबा डायरेक्टर केवल दुःख बेच सकता है, लेकिन दुःख दिखा नहीं सकता। दुःख महसूस करने की चीज़ होती है। नरसंहार की कहानी में प्यार और प्यार के गाने नहीं फिट हो सकते। वैसे भी आज का प्यार और उसके गीत दो-ढाई महीने से ज्यादा नहीं चलते।

मैं कुछ और कहता मित्र बीच में टपक पड़े -अरे तुम भी न। पहली बात तो तुम्हें फिल्मे देखने की अक्ल नहीं है। फिल्मे भावनाओं से भरकर नहीं देखी जाती। फिल्में मतलब मौज-मस्ती दे सकें। इन फिल्मों में वह चीज नहीं है। इसीलिए इसे मैंने सिनेमाघर में देखना फिजूलखर्ची समझा। इधर-उधर से पाइरेटेड चीज़ मिल गई देख लिया। हमारा क्या है, हम जैसे लेखकों को कुछ लिखने के लिए मसाला चाहिए।

सो मसाला मिल गया, कोरे कागज को काला करने का बहाना मिल गया। कोई न कोई समाचार पत्र वाला छाप ही देगा। नहीं छापा तो अपने बाप का सोशल मीडिया तो पड़ा ही है। चेंप देंगे उधर। सौ-दो सौ लाइक्स तो मिल ही जायेंगे।

## सेहत

# हाथों से टैनिंग हटाने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार घरेलू नुस्खे

अत्यधिक धूप के संपर्क में आने पर त्वचा पर टैन हो सकता है। धूप के संपर्क में आने पर त्वचा मेलेनिन का अधिक उत्पादन करती है, जिससे टैन यानी त्वचा का रंग फीका होने लगता है और इससे छुटकारा पाना काफी मुश्किल हो जाता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जो हाथों से टैनिंग दूर करने में प्रभावी साबित हो सकते हैं।



### योगर्ट का करें इस्तेमाल

योगर्ट में एल-सिस्टीन पेप्टाइड होता है, जो टायरोसिनेस गतिविधि को दबाने के लिए जाना जाता है। यह हाथों से टैन को कम कर सकता है। लाभ के लिए 2-3 बड़ी चम्मच योगर्ट में 1 बड़ी चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर हाथों को सादे पानी से धो लें। इस मिश्रण को आप हफ्ते में 1 से 2 बार अपने हाथों पर लगा सकते हैं।

### टमाटर करेगा मदद

टमाटर बायोएक्टिव यौगिकों से भरपूर होते हैं, जिन्हें कैरोटेनॉयड्स कहा जाता है। ये फोटो प्रोटेक्टेंट के रूप में कार्य करके सूरज की हानिकारक पैराबैंगनी किरणों के कारण होने वाले टैन को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए टमाटर को ब्लेंड करके गाढ़ा पेस्ट बना लें। इसके बाद पेस्ट को हाथों पर लगाएं और 15 मिनट के बाद हाथों को पानी से धो लें। हफ्ते में 2 बार इसे दोहराने से जल्द फायदा मिलेगा।

### नींबू भी है प्रभावी

विटामिन-ष्ट या एस्कॉर्बिक एसिड से भरपूर नींबू का रस एंटी-पिगमेंटरी गुणों के लिए भी जाना जाता है, जो त्वचा से टैन के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए एक नींबू का रस निकाल लें और थोड़े-से पानी के साथ मिलाएं। अब इसमें एक कॉटन बॉल भिगोकर इसे हाथों पर लगाएं। 15-20 मिनट के बाद हाथों को पानी से धो लें। इसे हफ्ते में दो बार दोहराएं।

### एलोवेरा दिला सकता है राहत

एलोवेरा में बायोएक्टिव कंपाउंड होते हैं, जो त्वचा के टैन को कम करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा की पत्ती से जेल निकाल लें और इसे शहद के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और 10 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद हाथों को सादे पानी से धो लें। अच्छे परिणाम के लिए इस मिश्रण को हफ्ते में 2 से 3 बार अपने हाथों पर लगाएं।

## एक नजर

### डेंगू से बचाव के लिए अघनपुर में किया गया मच्छरदानी का वितरण

**जगदलपुर, 31 मार्च।** उप स्वास्थ्य केंद्र अघनपुर में डेंगू से बचाव के लिए मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमती सफीरा साहू ने किया। इस अवसर पर नगर निगम की लोक निर्माण समिति के सभापति श्री यशवर्धन राव, छत्रपति शिवाजी वार्ड के पार्षद व शिक्षा समिति की सभापति श्रीमती सुषमा कश्यप, ने किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती साहू ने लोगो को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी व डेंगू से बचाव के लिए मच्छरदानी उपयोग करने कहा। वार्ड पार्षद सुषमा कश्यप ने भी सभी वार्ड वासियों को मच्छरदानी वितरण करने में पूरा दिन सहयोग दिया। सी.पी.एम. संजीव दुबे ने जानकारी दी कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर.के.चतुर्वेदी के निर्देशानुसार शहर के सभी वार्डो में मच्छरदानी वितरण का कार्य डेंगू के रोकथाम के लिया किया जा रहा है। इस मौके पर उप स्वास्थ केंद्र के कर्मचारी शिवानी नायक, श्रीमती बिरोजनी पाटकर प्रशांत श्रीवास्तव, जैमनी कश्यप के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती हीरा पटेल, श्रीमती फूलमती कश्यप के अलावा वार्ड के मितानिन मौजूद थे।

### खाद्य निर्माताओं से मांगा गया उत्पादन का वार्षिक विवरण

**जगदलपुर, 31 मार्च।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेशानुसार खाद्य निर्माताओं को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उत्पादन का वार्षिक विवरण ऑनलाईन जमा करने को कहा गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बस्तर जिला में संचालित अंतर्गत सभी खाद्य निर्माण इकाई, जैसे मिठाई, नमकीन, पानी, कोल्ड ड्रिंक, तेल व ड्राईफ्रुटस रिपैकर, राईस मिलर, दुग्ध व दुग्ध उत्पाद निर्माता, आईसक्रीम व बर्फ, बेकरी, सोयाबड़ी व अन्य खाद्य पदार्थो के निर्माताओं को वित्तीय वर्ष 2022-23 के उत्पादन का वार्षिक विवरण 01 अप्रैल से खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। साथ ही सभी निर्माताओं को एन. ए. बी. एल. मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से अपने खाद्य सामग्री की जांच करवा कर जांच रिपोर्ट को अनिवार्य रूप से एफएसएसआई की वेबसाइट पर अपलोड करवाने को भी कहा गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक खाद्य प्रतिष्ठान जैसे किराना दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, बार, ढाबा, कैंटीन, कैटरर्स, मध्यान्ह भोजन निर्माण, रेडी टू ईट निर्माण, चाय ठेला, मेडिकल दुकान, खाद्य सामग्री निर्माता, खाद्य सामग्री रीपैकर, खाद्य परिवहन, शासकीय व गैर शासकीय संस्थानों में संचालित कैंटीन व कैटर्स को संचालित करने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के धारा 31 तहत लायसेंस एवं पंजीयन लेना अनिवार्य है। बिना खाद्य लायसेंस व पंजीयन के खाद्य कारोबार के संचालन करने से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं विनियम 2011 के धारा 63 के तहत 6 माह का कारावास एवं 5 लाख रुपये तक दण्ड का प्रावधान है। खाद्य लायसेंस से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु खाद्य कारोबारी सीधे खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### कैमरे और सायबर सेल में लगे बड़े स्क्रीन से गतिविधि पर रखी जा रही नजर

**जगदलपुर, 31 मार्च।** सुरक्षा और शांति के लिए जगदलपुर शहर में 160 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कलेक्टर श्री चंदन कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में स्थापित इन सीसीटीवी कैमरों की सहायता से नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। जिला और पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी कोतवाली थाना परिसर में स्थित सायबर सेल में लगे विशाल स्क्रीन में शहर में संचालित गतिविधियों की निरंतर निगरानी कर रहे हैं। बुधवार को अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल और अनुविभागीय दण्डाधिकारी श्री नंदकुमार चैबे त्यौहारी भीड़ के दौरान शहर की सुरक्षा और आवागमन की व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।

### वन विद्यालय में वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दीक्षान्त समारोह आयोजित

**जगदलपुर, 31 मार्च।** वन विद्यालय में 53वें वनपाल कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जगदलपुर वृत्त से 12 वनपाल, कांकेर वृत्त से 09 वनपाल,दुर्ग वृत्त से 06 वनपाल,रायपुर वृत्त से 08 वनपाल,बिलासपुर वृत्त से 07 वनपाल और सरगुजा वृत्त से 10 वनपाल इस प्रकार कुल 52 प्रशिक्षणार्थी वन विद्यालय जगदलपुर में प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। तकनीकी प्रशिक्षण के अन्तर्गत वन वर्धन, वन अभियांत्रिकी, वन सर्वेक्षण एवं आलेख, वन उपयोग एवं वन सुरक्षा, वन प्रबंध, वन विधि, विभागीय गठन एवं लेखा प्रक्रिया, वनस्पतिशास्त्र, वन्य प्राणी प्रबंधन एवं संयुक्त वन प्रबंधन,मृदा एवं जल संरक्षण जैसे विषयों का अध्यापन कराया गया है। इसके अलावा कम्प्यूटर का प्रशिक्षण नियमित रूप से दिया गया। साथ ही जी.पी.एस. सर्वेक्षण एवं उपयोगिता, आधुनिक नर्सरी तकनीकी, भू-जल संरक्षण कार्य एवं कृषि वानिकी इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया एवं वृत्त के अन्दर शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत दन्तेवाडा वनमण्डल, बस्तर वनमण्डल, सुकमा वनमण्डल में चल रहे समस्त कार्यो का अवलोकन कराया गया है।



जगदलपुर 31 मार्च। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज मे भगवान श्री राम मॉ जानकी और श्री हनुमान जी की मनमोहक झांकी निकाली गई!!





जगदलपुर 31 मार्च। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा रामनवमी के अवसर पर विशाल रैली निकाला गया।

# नगर में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**भव्य आतिशबाजी के साथ महाआरती का आयोजन, शोभायात्रा में जुटे हजारो श्रद्धालु**

- रामभय हुआ शहर, डीजे की धुन में थिरके रामभक्त
- रामलला की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 31 मार्च।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का पावन पर्व रामनवमी गीदम नगर में धूमधाम से मनाया गया । श्री राम जन्म उत्सव समिति गीदम व नगर के सर्व हिंदू समाज द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा एव भगवान श्रीराम की झांकी निकाली गई जहा हजारो की संख्या में श्रद्धालुओ शामिल हुए । शोभायात्रा नगर के बस स्टैंड परिसर स्थित पूजा स्थल से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए हारम तिराहे पहुँची इसके बाद वापस बस स्टैंड पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान भगवान श्रीराम दरबार की आकर्षक झांकी के साथ-साथ राम के भजन और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा, पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इस झांकी में नगर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के बच्चे श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की वेशभूषा में नजर आए। भगवान श्रीराम जी की झांकी की जगह जगह लोगों ने आरती कर पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर माथे पर तिलक व सिर में भगवा साफा बांधे हुए बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं सभी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए । इधर शोभायात्रा से पूर्व रामायण मंडली द्वारा पूजा स्थल पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया उसके पश्चात नगर में छत्तीसगढ़ का मशहूर डीजे पावर जोन के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वही धमतरी की फेमस आकाशीय आतिशबाजी ने इस शोभायात्रा की खूबसूरती बढ़ा दी । बता दे कि इस बार नगर को सजाने के लिए विशेष रूप से झालर व लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी जिससे पूरे नवरात्रि पर्व में नगर पूरी तरह से प्रकाशमान रहा। साथ ही बस्तर के मशहूर ढोल नृत्यको का समूह इस शोभायात्रा में शामिल हुआ। महिलाएं कलश के साथ शोभायात्रा में आगे चल रही थी। अंत में शंखनाद के साथ ऐतिहासिक महाआरती के बाद इस शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों को भंडारा एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गीदम, बारसूर, हीरानार, कासोली, घोटपाल कटुलनार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित हुए। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में नगर के सभी गणमान्य नागरिकों समेत व्यवस्था बनाये रखने पुलिस एव प्रशासन का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा । कार्यक्रम सफल बनाने को लेकर आयोजन समिति द्वारा सभी का आभार भी व्यक्त किया गया।





# बेरोजगारी भत्ता योजना 1 अप्रैल से होगी प्रारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा31 मार्च।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के घोषणा अनुसार बेरोजगारी भत्ता योजना 1 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो रहा है इस संबंध में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। क्लस्टर लेवल पर सत्यापन टीम गठित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ता योजना के मॉनिटरिंग हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में 9 सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसमें सीईओ के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तथा सचिव के रूप में जिला रोजगार अधिकारी होंगे। आवेदक 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता का वेब पोर्टल में सभी फार्म भरेंगे। ऑफलाइन आवेदन नहीं लिया जाएगा। आवेदन किये जाने वाले वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेंडरी (12वीं उत्तीर्ण) शैक्षणिक योग्यता धारी हो। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हो एवं आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकेण्डरी अथवा उससे अधिक योग्यता में आवेदक का रोजगार पंजीयन दो वर्ष पूर्व का होना चाहिए साथ ही एक परिवार के एक ही व्यक्ति भत्ता कर लिए पात्र होंगे आवेदक के आय का कोई स्त्रोत न हों एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय रुपये 2 लाख 50 हजार वार्षिक से अधिक न हो। ऑनलाइन फॉर्म का भौतिक सत्यापन रोजगार कार्यालय के सूचना अधिकारी, सीईओ जनपद और मुख्य नगरपालिका अधिकारी के माध्यम से किया जाएगा। आवेदकों को भौतिक सत्यापन के लिए 3 दिन पहले सूचना दी जाएगी जहाँ उन्हें अपने आवेदन का प्रिंट और समस्त मूल दस्तावेजो के साथ स्वयं उपस्थित होना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं उपस्थित होकर भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य है। भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन फार्म के सभी दस्तावेज आय प्रमाण पत्र, शैक्षणिक 10वीं-12वीं आदि के प्रमाण पत्र और छत्तीसगढ़ का मूल निवासी आदि प्रमाण पत्र होनी चाहिए। सत्यापन के बाद अनुशंसा की जाएगी। अनुशंसा के आधार पर स्वीकृति होगी, जिसका डाटा अपलोड किया जाएगा।

## राजस्व अमले जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंच कर रहा बी-1 का वाचन

**दंतेवाड़ा 31 मार्च।** कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार जिले में राजस्व से संबंधित प्रकरणों का सीधे स्थल पर ही समाधान किया जा रहा है। साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सीधे जनता से जुड़ कर निराकरण किया जा रहा है। दंतेवाड़ा एसडीएम श्री कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में भी पहुंचकर बी-1 वाचन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले राजस्व अमलों द्वारा तहसील दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मसेनार खालेपारा, ग्राम गदापाल पटेलपारा, ग्राम मंगनार पटेलापारा, ग्राम छोटे गोडरे पटेलपारा, तहसील गीदम अंतर्गत ग्राम मुण्डेर तरईपारा, ग्राम माड़पाल दशरूपारा, तहसील बारसूर अंतर्गत ग्राम गुटोली पेरमापारा, ग्राम टेका पटेलपारा, तहसील कटेकल्याण अंतर्गत ग्राम जंगमपाल पटेलपारा, ग्राम मथाड़ी उरपालीपारा, तहसील बड़ेगुड़रा अंतर्गत ग्राम छोटे हड़मामुंडा धुरवापारा बी-1 वाचन किया गया। ग्रामीणों ने अपने आवदेन जैसे फौती नामांतरण, सह खातेदार का नाम जोड़ने, द्वितीय ऋण पुस्तिका, बटवारा, एवं अन्य राजस्व संबंधी आवेदन लिए गए। इस दौरान कुल फौती नामांतरण के 25 आवेदन, अन्य नामांतरण के 7, द्वितीय ऋण पुस्तिका के 7, सीमांकन के 1, त्रुटि सुधार के 3 एवं बटवारा के 13 आवेदन प्राप्त हुए कुछ प्रकरणों का तत्काल निराकरण करते हुए समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही बड़े खातों में बटवारा हेतु लोगो को प्रेरित भी किया गया।

## कैबिनेट मंत्री ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 31 मार्च।** कैबिनेट मंत्री श्री कवासी लखमा ने जिलेवासियों को रामनवमीं की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने सुकमा में स्थिति राम मंदिर पहुँच कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों में श्री राम भगवान के प्रति गहरी आस्था है। प्रदेश सरकार ने सुकमा स्थित रामाराम मंदिर को रामवनगमन पथ के रूप में विकसित कर रही है, जिससे जिले में संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

श्री लखमा ने जिला अस्पताल सुकमा का निरीक्षण किया। उन्होंने आमजनों को मुहैया कराई जाने वाली स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से रूबरू होकर कुशल क्षेम जाना और अस्पताल में उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। श्री लखमा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का लाभ प्रदान करने और स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी का परिणाम है कि स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार से अब जिलेवासियों को निश्चित रूप से इसका लाभ मिल रहा है, जिससे अन्य जिला और सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों पर निर्भरता भी कम होने लगी है। लगभग सभी स्वास्थ्य सेवाएं जिले के अस्पताल में ही आमजनों को मिल रही हैं। वहीं हाट बाजार क्लिनिक और मोबाईल मेडिकल यूनिट जैसी हितकारी योजनों के संचालन से दूरस्थ इलाके के ग्रामीणों को साप्ताहिक बाजार के साथ ही ग्राम स्तर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही है।



### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के स्वीकृत प्रकरणों को शीघ्र ऋण उपलब्ध करायें:कलेक्टर

**उत्तर बस्तर कांकेर 31 मार्च ।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें शासकीय प्रायोजित योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की समीक्षा किया गया तथा सभी बैंक प्रबंधकों को लक्ष्य की पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि हितग्राहियों के ऋण प्रकरणों को नियमानुसार सभी बैंक शाखा प्रबंधक लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति प्रदान कर ऋण वितरण भी करायें। बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं बैंक खातों में आधार सिटिंग, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, कृषि ऋण वितरण सहित शासकीय योजनाओं में ऋण वितरण की समीक्षा किया गया तथा बैंकिंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।



जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम अंतर्गत 215 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिसमें से 92 प्रकरणों को बैंक द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई तथा 14 प्रकरण बैंकों में लंबित हैं एवं 109 प्रकरण निरस्त किये गये। कलेक्टर द्वारा बैठक में उपस्थित बैंकर्स को बैंक ऋण से संबंधित औपचारिकताओं की पूर्ती हेतु आवश्यक चेक लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिया गया, जिससे समस्त विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत चेक लिस्ट अनुरूप प्रकरण तैयार कर बैंकों को प्रेषित किया जा सके, जिससे प्रकरणों के निरस्तीकरण की संख्या में कमी लाई जा सके।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत् वर्ष 2022-23 में प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के 106519 खातों में बीमा किया गया है तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 281807 खातों में बीमा किया गया है। इसी प्रकार अटल पेंशन योजना के तहत् 27686 हितग्राहियों को इस योजना से जोड़ने की जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के नागरिकों को स्व-रोजगार से संबंधित आवेदनों को पहले प्राथमिकता देते हुए ऋण स्वीकृति किया जावे। इसके अलावा राज्य सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से ऋण की मांग करने पर दस्तावेज पूर्ण कराई जाकर शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों के शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगारों से जोड़ने के लिए आरसेटी प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाये। कलेक्टर द्वारा आकांक्षी जिले के सूचकांकों को वित्तीय समवेशण के तहत् डेल्टा रेकिंग में सुधार हेतु सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया गया।

## समाचार संक्षेप

### कड़ेमेटा,कन्हारगांव में आइटीबीपी ने सिविक एक्शन कार्यक्रम में 150 ग्रामीणों का उपयोगी सामान बांटा



**नारायणपुर 31 मार्च।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की 45वीं बटालियन जिले में विगत कुछ समय से लगातार सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में दिनांक 29 मार्च 2023 को कड़ेमेटा , कन्हारगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के अंदरूनी गांवों क्रमश कड़ेमेटा, बेचा , कन्हारहांव, कोहमेटा के लगभग 150 ग्रामीणों को जरूरी उपयोग हेतु विविध वस्तुएं, सोलर लाइट, दैनिक उपयोग हेतु वर्तन, स्थानीय परिधान के कपड़े आदि का वितरण किया गया है। इस आयोजन में श्री सत्येन्द्र नाथ मिश्रा, सहायक सेनानी, श्री प्रवीण कुमार सहायक सेनानी संबंधित जिम्मेदारी वाले गांव के ग्रामीणों को संबोधित किया एवं कहा कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल को अपना मित्र समझे बटालियन ग्रामीणों की सुरक्षा के साथ साथ सहायता व विकास हेतु सदैव तत्पर है। सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बड़ चढ़ कर लाभ उठाया व ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम की भरसक सराहना की । इससे यह प्रतीत होता है कि वाहिनी नक्सल उन्मूलन अभियान के साथ साथ सामाजिक दायित्व में भी बखूबी सहभागिता निभा रही है, और अपने उत्तरदायित्व वाले क्षेत्र में मैत्रीपूर्ण संबध स्थापित करने के साथ-साथ लोगों को मदद करने में भी सफल हुई है।

### सिविक एक्शन प्रोग्राम में दर्शक दीर्घा का निर्माण सुरक्षा बल ने करवाया




**सुकमा 31 मार्च।** घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों और सुरक्षा दलों के बीच विश्वास और आपसी तालमेल बढ़ाने हेतु केन्द्रिय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में 74वीं वाहिनी, दोरनापाल के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्कूली बच्चों एवं खेल प्रेमी नागरिकों की अपेक्षा को देखते हुए क्रिकेट स्टेडियम, दोरनापाल में एक बड़े दर्शक दीर्घा का निर्माण करवाया गया जिसका नामकरण बुरकापाल में 74वीं वाहिनी के जवान शहीद रघुवीर सिंह के नेतृत्व में अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर 24 जवानों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुती दे दी।

### बड़ेडोंगर के मां दंतेश्वरी मंदिर में पुलिस अधीक्षक ने करवाया सामूहिक भोज का आयोजन

**फरसगांव 31 मार्च।** चैत्र नवरात्र के सप्तमी के दिन 28 मार्च को बड़ेडोंगर के माँ दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में कोंडागांव पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के सौजन्य से सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ेडोंगर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं शिक्षक, ग्रामवासी एवं मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहे, साथ ही दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन करने आए सभी श्रद्धालुओं को सामूहिक भोज का प्रसाद वितरण किया गया । इस दौरान ग्राम सरपंच विद्यासागर नायक, जनपद सदस्य दुलम नाग, तथा मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किए, इस अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा, आर आई मनीष राजपूत, सरपंच विद्यासागर नायक, जनपद सदस्य दुलम नाग,पंचायत पदाधिकारी गण, मंदिर समिति के पदाधिकारी गण, थाना प्रभारी बड़ेडोंगर ओंकार दीवान, तथा विभिन्न स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका व ग्राम वासी उपस्थित रहे ।




छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़
मिलेट मिशन
"देश में पहली बार छत्तीसगढ़ में कोदो, कुटकी और रागी का समर्थन मूल्य घोषित किया गया इससे हमारे किसानों का उत्साह बढ़ा"
सेहत के मोती (कोदो, कुटकी, रागी)
मिलेट्स फसलों की प्रदेश में जोर-शोर से की जा रही खरीदी
35 हजार क्विंटल
कोदो, कुटकी और रागी की अब तक खरीदी
10.70 करोड़ रुपये
किसानों को किया जा चुका है भुगतान
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मिलेट्स के गुण, पहचान रहा पूरा संसार
कोदो, कुटकी और रागी से भरी थाली है उत्तम आहार
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को दे रही है डिजिटल आईडी: कमल महान



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए आम आदमी पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।पार्टी नए पुराने सभी सदस्यों के लिए आई डी जारी कर रही है।उक्त जानकारी देते हुए बलौदाबाजार विधानसभा के मुख्य कार्यकर्ता कमल महान ने बताया कि पंजाब के कोटे से राज्यसभा सांसद बने छत्तीसगढ़ निवासी डॉ संदीप पाठक ने छ. ग.प्रभारी संजीव झा( दिल्ली बुराड़ी विधायक )एवं प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी के साथ विगत दिनों रायपुर,बिलासपुर,सूरजपुर और कोंडागांव में 4 विशाल कार्यकर्ता संवाद कर महासदस्यता अभियान की शुरुआत की। डॉ पाठक की टीम के सदस्य सभी 90 विधानसभाओं में जाकर कार्यकर्ताओं को मोटिवेट कर रहे हैं।पार्टी ने एक माह तक चलने वाले इस अभियान में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। महान ने बताया कि डिजिटल पहचान पत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की तस्वीर के साथ सदस्य की फ़ोटो भी रहेगी।इसी के साथ दिल्ली और पंजाब में हो रहे जनहित के कार्यों का भी वर्णन है।

### 40 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में 29 मार्च को ग्राम गितकेरा से आरोपी बालकृष्ण खेलवार उर्फभुरा पिता फुलदास खेलवार साकिन गितकेरा थाना पलारी से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब किमती 8000 रू एवं 01 एक नग मोटर सायकल एचएफडीलक्स सीजी 10 ईई 8809 कीमती 15000 रूपये जुमनला किमती 23000 /- रूपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 146/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को रिमाण्ड पर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पलारी पुरूषोत्तम कुर्रे, प्रआर मुकेश दिवान आर कमल कोशले, अमन चैन तिर्की का योगदान रहा।

### बरपाली दुर्घटना के घायलों को दी जा रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**बलौदाबाजार, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज तड़के सुबह 3 बजकर 40 मिनट में ग्राम बरपाली के पास बस एवं ट्रक की भिंडत हो गयी। जिसमे बस क्रमांक सीजी 22 एम-7982 मे कुल 45 लोग सवार थे। 45 लोग में से 23 लोगो को बिलाईगढ चिकित्सालय पहुॅचाया गया एवं 20 लोगो को कसडोल चिकित्सालय ले जाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। साथ ही कसडोल चिकित्सालय में ईलाज के दौरान एक की मृत्यु हो गई। जिसका नाम बसंत साहू पिता धनीराम साहु, उम्र 45 वर्ष निवासी बिलाईगढ ( पंडरीपाली) है। ट्रक का नं. सीजी 07 सीए 9967 के ट्रक ड्राइवर को घायल अवस्था में बिलासपुर रिफर किया गया। बस रायपुर से पचरी बिलाईगढ की ओर जा रही थी एवं ट्रक रायगढ से रायपुर की ओर जा रहा था। ऐसा प्रतीत होता है कि झपकी आने के कारण बरपाली के पास हाईवे रोड पर यह हादसा हुआ। कलेक्टर रजत बंसल ने दुर्घटना को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी सवेंदना व्यक्त की।

### चैत्र नवरात्रि के आखरी दिन मंदिरों व घरों में बोए गए जंवारा का हुआ विसर्जन

# भैसबोड़ में जोत-जंवारा का विसर्जन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी, 31 मार्च।** ग्राम भैसबोड़ में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन शीतला मंदिर में विराजित ज्योति कलश एवं भक्तो द्वारा घरों में बोये गये जंवारा का विर्सजन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ जोत जवारा का विसर्जन किया।

नौ दिनों तक मां देवी की उपासना के बाद गुरुवार को जोत जवारा विसर्जन की शोभायात्रा गांव-गांव में धूमधाम से निकाली गई। गांव के शीतला मंदिर एवं कई भक्तों के द्वारा अपने घरों पर जोत प्रज्वलित किए गए थे। जिसे जस गीत सेवा के माध्यम से स्थानीय तालाबों पर विसर्जन किया गया। इसके अलावा विभिन्ना प्रसिद्ध देवी मंदिरों में विराजित ज्योति कलश तथा जवारा का विसर्जन किया गया।

जगह-जगह शोभायात्रा में नाचते, गाते-झूमते भक्त नजर आए। शोभा यात्रा के पश्चात् ज्योत जंवारा को बांधा तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सेवा समिति के सदस्यगण सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### जवांरा विसर्जन में सेवा गीतों एवं मांदर की थाप पर झूमे श्रद्धालु



ग्राम अंवरी में चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन शीतला मंदिर में विराजित ज्योति कलश एवं भक्तो द्वारा घरों में बोये गये जंवारा का विर्सजन किया गया। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते मांदर की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ जोत जवारा का विसर्जन किया। नौ दिनों तक मां देवी की उपासना के बाद गुरुवार को जोत जवारा विसर्जन की शोभायात्रा गांव-गांव में धूमधाम से निकाली गई। गांव के शीतला मंदिर एवं कई भक्तों के द्वारा अपने घरों पर जोत प्रज्वलित किए गए थे। जिसे जस गीत सेवा के माध्यम से स्थानीय तालाबों पर विसर्जन किया गया। इसके अलावा विभिन्ना प्रसिद्ध देवी मंदिरों में विराजित ज्योति कलश तथा जवारा का विसर्जन किया गया। जगह-जगह शोभायात्रा में नाचते, गाते-झूमते भक्त नजर आए। शोभा यात्रा के पश्चात् ज्योत जंवारा को बांधा तालाब में विसर्जन किया गया। इस अवसर पर सेवा समिति के सदस्यगण सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# राम नाम से बड़ा कोई नाम नहीं:सुशील शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 31 मार्च।** राम नवमी के अवसर पर आज विशाल राम शोभा यात्रा का ज़ोरदार स्वागत मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,पिछड़ा वर्ग प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्र साव,पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, वरिष्ट कांग्रेसी ईस्वर सिंह ठाकुर,ज़िला महामंत्री अरुण यादव,ज़िला सचिव सचिन शर्मा,किसान नेता हेमंत उपाध्याय,लालू वेसनव,मोहन साहू ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर राम भक्तों का ज़ोरदार स्वागत बाजे गाजे,पुस्पवर्षा और आतिशबाज़ी कर ऐतिहासिक स्वागत किया,राम भक्तों को पोहा जलेबी,ठंडा पेय,पानी वितरण किया गया,इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष ने प्रतिनिधि को बताया की राम नाम से बड़ा कोई नाम नही है हम सभी सनातनी हिंदू के लिये भगवान राम गौरव नाम है है हम गर्व से कहते है की हम हिंदू है,सभी राम भक्तों ने इस जुलूस के माध्यम से अपनी एकता और भाई चारा की भावना को प्रदर्शित किया जुलूस में हज़ारों की संख्या में राम भक्त शामिल थे। वहीं रामनवमी के अवसर पर भगवान राम की भव्य शोभायात्रा मे हजारो की संख्या मे राम भक्त शामिल हुए डीजे,ढोल बाजे के साथ निकली भव्य शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत व पूजा अर्चना की गई, जय स्तंभ चौक के समीप अपने निवास कार्यालय मे प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत कर फ्र वितरण किया, इस मौके पर राम भक्त प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते नाचते गाते शोभायात्रा के साथ चल रहे थे, वही शहर मे भगवान रामजन्मोत्सव पर जबर्दस्त उत्साह का माहौल रहा।

## नपा अमले ने प्रतिबंधित पालिथीन एवं डिस्पोजल के खिलाफ की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 31 मार्च।** कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद भाटापारा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी लाल अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर निकाय क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलिथीन एवं डिस्पोजल उपयोग करने वाले व्यापारियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन उपयोग एवं विक्रय न करने हेतु चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को निर्देश दिए गए हैं उक्त कार्यवाही में आज तक कुल 52 प्रकरणों में 53 किलो पॉलीथिन जब्ती की कार्रवाई की गई है जिसमें राशि 18500 रूपये जुर्माना आरोपित किया गया है उक्त कार्यवाही में राजस्व प्रभारी अजय नायडू जिला समन्वयक सुमित कुमार दुबे मिशन क्लीन सिटी प्रभारी विकास वैष्णव,देवेंद्र गुप्ता,सौरभ ठाकुर,केशव वैष्णव गजेंद्र ठाकुर,हेम कुमार साहू एवं अन्य निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य पद पर शीघ्र पदोन्नति की माँग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी, 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा आवाज़ बुलंद कर शासन से की गई नये शिक्षा सत्र 16 जून से पहले आदेश जारी करने की माँग छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर प्रदेश में वर्षो से रुकी हुई प्राचार्य पदोन्नति का आदेश जल्द से जल्द जारी करवाने शासन से पुरजोर माँग की गई हैं। राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत टी संवर्ग में वर्ष 2013 से तथा ई संवर्ग में वर्ष 2016 के बाद से हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं की गई हैं । राज्य में तीन हजार से अधिक स्कूलों में प्राचार्य के पद रिक्त पड़े हैं। वर्षो से प्राचार्य पद पर पदोन्नति नहीं होने से टी तथा ई संवर्ग के सैकड़ों नियमित व्याख्याता तथा नियमित प्रधान पाठक सेवानिवृत्त हो गए हैं। प्राचार्य पद पर पदोन्नति का रास्ता देखते-देखते अनेकों व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की मृत्यु हो गई हैं।

प्रदेश में कई वर्षो से बाधित रही प्राचार्य पदोन्नति की विभागीय प्रकिया को शीघ्र प्रारंभ कर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर शीघ्र पदोन्नति किये जाने हेतु सतीश प्रकाश सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा गठित की गई हैं । प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में टी तथा ई संवर्ग के नियमित व्याख्याता तथा प्रधान पाठकों की आत्मसम्मान रूपी प्राचार्य पदोन्नति की नैतिक लड़ाई व्यापक रूप से लड़ी जा रही हैं।

## समाचार संक्षेप



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत कुंदरू में रामनवमी के पवित्र अवसर पर पठाय पुस्तक निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त शैलेस नितिन त्रिवेदी की अगुवाही में शोभा यात्रा निकाली गई।



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम गुजरा में यादव समाज द्वारा नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई, मंदिर में बहुत ही सुंदर मूर्तियों की स्थापना की गई है जिसे देख कर मन मुग्ध हो जाता है, इस अवसर पर पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैल श नितिन त्रिवेदी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थ ग्राम गपंचायत रिंगनी में रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीराम मंदिर की भूमि पूजा का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शैलेश नितिन त्रिवेदी सहित अनेक लोग सम्मिलित हुए।

### शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे सचिवों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए अष्टमी पर किया हवन



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवरात्र दुर्गा अष्टमी के दिन शासकीयकरण मांग को लेकर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के सद्बुद्धि के लिए पंचायत सचिव संघ तिल्दा ने हवन किया( जनपद पंचायत तिल्दा परिसर मैं पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं हड़ताल के आज 14 वे दिन भी जारी रहा जहां धरना स्थल पर सचिवो द्वारा सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया धरना स्थल पर पंडाल में बकायदा पंडित द्वारा यज्ञ हवन कर प्रसाद वितरण भी किया गया हड़ताली पंचायत सचिव का कहना है कि शासन प्रशासन को यज्ञ के माध्यम से जगाने हेतु आयोजन किया गया है उन्होंने अपनी मांग पूरी नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है धरना स्थल में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई तिल्दा अध्यक्ष चिंतामणी साहू एवम संगठन सचिव कोमल प्रसाद साहू सहित जनपद पंचायत तिल्दा के पूरे 101 पंचायत के सचिव उपस्थित रहे।

### कांग्रेस से टिकट के दावेदार सक्रिय



**तिल्दा-नेवरा, 31 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा के माता देवालयों में काग्रेस के विधायक के टिकट के दावेदार इस वक्त जनता सहित माता के नवरात्रि पर्व पर भक्ति के भाव में मंदिरों में माथे टेक रहे है। दूसरी ओर गावो में ज्योत जावरा दर्शन करने भी जा रहे है इस नवरात्रि में माता के दर्शन का लाभ ले जनता से जुड़ रहे है।



काग्रेस के दिग्जज नेता पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी पूर्व राज्य सभा सदस्य छाया वर्मा इन दिनों पूरे नवरात्रि के अवसर पर गावों में ग्रामीणों से संपर्क कर समस्या सुन कर निराकरण कर रहे है। बीजेपी में लक्ष्मी वर्मा टेशू राम धुरेंदर टक राम वर्मा सहित मंदिरों में दिख रहे है। किसान मोर्चा के नेता राजू शर्मा ने भी अनेक गावो में माता देवालयों व ज्योत जावरा का दर्शन किया है।

### परिवार नियोजन संबंधित जानकारी देने नई पहल किट का जिले में वितरण

# कलेक्टर ने नई पहल किट का वितरण नवविवाहितों को किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 31 मार्च।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत संचालित मिशन परिवार विकास योजना के तहत बलौदाबाजार- भाटापारा जिले में नवविवाहित दंपत्तियों में परिवार नियोजन कार्यक्रम के विषय में जानकारी हेतु नई पहल किट का वितरण प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में कलेक्टर रजत बंसल ने जिला कलेक्टर कार्यालय में बलौदाबाजार नगर के हितग्राही सुधा चौहान, महेंद्र कुमारी यादव को किट वितरण कर इसकी शुरुआत की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर ने बताया कि नवविवाहितों में परिवार नियोजन के साधनों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नई पहल किट का वितरण जिले में शुरू किया गया है यह योजना छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में ग्रामीण तथा शहरी दोनों क्षेत्रों में लागू की गई है। इस परिवार नियोजन किट का वितरण सीएचसी/पीएचसी या उप केंद्र के स्तर से मितानिनों द्वारा किया जायेगा। इसे हेतु मितानिनों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। इस नई पहल किट के अंतर्गत एक वेनेटी बॉक्स होगा जिसमें कुछ लघु सूचना पत्र होंगे जो नव दंपति को अभिभावक बनने से पूर्व उचित जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही गर्भ परीक्षण किट के उपयोग संबंधी निर्देश, गर्भवती होने की



दशा में गर्भधारण से संबंधित जानकारियां। प्रसव पूर्व सेवाओं और सावधानी, बच्चों में अंतराल के बारे में भी इस प्रपत्र में लिखा होगा। परिवार नियोजन साधनों के अंतर्गत पांच पीस वाले कंडोम के पैकेट, खाने वाली गर्भनिरोधक गोली चक्र, आपातकालीन गर्भनिरोधक निरोधक गोली इ-पिल्स, एवं गर्भवती जांच किट उसमें उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त इस कीट की एक विशेष विशेषता यह है कि इसमें अलंकरण एवं स्वच्छता बैग भी सम्मिलित होगा जिसमें तौलिया सेट, कंघी, बिंदी, नेल कटर, दो सेट रुमाल और छोटा शीशा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही उसमें एक जानकारी कार्ड भी उपलब्ध है जिसमें कक्षेत्रीय मितानिन तथा सबसे नजदीकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता की संपर्क जानकारी उपलब्ध कराई गई है ताकि नव दंपत्ति आवश्यकता पड़ने पर गर्भनिरोधक के बारे में अपनी आशंकाओं भ्रांतियों को दूर करते हुए गर्भनिरोधक के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। किट वितरण के समय वनमंडल अधिकारी मयंक अग्रवाल, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमपी महिस्वर, सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनुपमा तिवारी आरएमएनसीएच सलाहकार हर्षलता जायसवाल उपस्थित रहें.

### आईएसबीएम विवि में टी.बी. रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम

**छुरा, 31 मार्च।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) छुरा,गरियाबंद छत्तीसगढ़ में जिला क्षय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद एवं रासेयो के संयुक्त तत्वावधान में टी. बी.रोकथाम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं अतिथियों के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.बी.पी.भोल ने टी.बी.रोग के फैलने के कारण उसके बचाओ पर चर्चा किया जिससे पश्चात विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव डॉ.रानी झा ने कहा कि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में टी.बी.के प्रति जागरूकता की कमी है। तत्पश्चात् कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. ए.के. हुमने, जिला क्षय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गरियाबंद ने टी.बी.के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा एवं शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं के बारे में जानकारी एवं देश में टी.बी. के रोग से ग्रसित आंकड़ों पर चर्चा किया। इसके पश्चात अमृतराव भोंसले, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक अधिकारी के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता एवं टी.बी.के इतिहास पर चर्चा हुआ,उसके बाद भूपेश साहू, जिला कार्यक्रम समन्वयक ने टी.बी. रोकथाम हेतु शपथ एवं प्रश्नोत्तरी में विद्यार्थियों की जिज्ञासा को शांत करके उनके प्रश्नों का जवाब दिया जिसमें विद्यार्थियों और प्राध्यापको में टी.बी.से जुड़े अपने सवाल का जवाब पाया द्य इस कार्यक्रम निबंध लेखन और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र ..........................
अ/6( नजूल ) 2021-22

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मोहम्मद शकील अहमद आत्मज मोहम्मद अब्दुल समद जाति मुसलमान निवासी भगतसिंह वार्ड नंबर 19 डोंगरगढ़ तहसील, थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा क्रयशुदा भूमि का नामांतरण (प्रमाणीकरण) किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि छ.ग. शासन नजूल अधिकारी डोंगरगढ़ के स्वामित्व की भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ में स्थित शीट क्रमांक 01 भूखण्ड क्रमांक 517 में से क्षेत्रफल 200 वर्गफीट भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.02.2023 के माध्यम से क्रय किया हूं। आवेदक द्वारा उक्त क्रय की भूमि को आवेदक के पक्ष में नामांतरण कराये जाने निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के फौती नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 10.04.2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा, उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़

**एक नजर**

### पुरातत्वीय मूर्ति कला प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन 1 को

**रायपुर, 31 मार्च।** अर्पण कल्याण समिति द्वारा सेक्टर-1, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में पुरातत्वीय मूर्ति निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन एक अप्रैल को किया जाएगा। पुरातत्व एवं अभिलेखागार विभाग ने स्कूल के मूक-बधिर विद्यार्थियों को आर्टिस्ट संजय के माध्यम से प्लास्टर कास्ट मूर्ति निर्माण का प्रशिक्षण दिया है। समापन कार्यक्रम में दोपहर बारह बजे प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ ही स्कूल परिसर में ओपन जिम का लोकार्पण किया जाएगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस अधिकारी रतनलाल डांगी होंगे। अध्यक्षता नगर पालिक निगम के अध्यक्ष व पूर्व महापौर प्रमोद दुबे करेंगे। विवेक आचार्य संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, अमित पांडेय ओएसडी विधानसभा अध्यक्ष, नरेन्द्र अग्रवाल स्वास्तिक ग्रुप ऑफ रायपुर अतिविशिष्ट अतिथि होंगे।

### टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**रायपुर 31 मार्च।** ज्ञात हो की, जे के दानी स्कूल एवं अग्रसेन पब्लिक स्कूल के



तत्वावधान मे विगत 28 मार्च को पुरानी बस्ती स्थित परिसर में टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग कार्यक्रम मे ट्रेनर के तौर पर आई टी एम यूनिर्वसिटी के प्रोफेसर , कार्पोरेट ट्रेनर श्री अरिजीत गोश्वमी जी थे। साथ ही उनका सहयोग छत्तीशगढ़ अग्रवाल समाज के पदादिकारी श्री यशवंत गोयल जी ने दिया। विभिन्न कृयाकलपो ,गेम्स, पेपर के मध्यम से ट्रेनर ने टीचरों को बताया की कैसे अपने आप को अप टू डेट रखे, स्टूडेंट्स को नई तरीको से अध्यन करावे, एवं नए चुनोतियों से कैसे सामना करे, और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष श्री निलेश अग्रवाल जी, सचिव पुष्पा अग्रवाल, प्रिंसिपल ललिता अग्रवाल, उपश्तीत थे। मंच संचालन प्रिया यदु मैडम ने किया। उपरोक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा समिति सदस्य निशांत अग्रवाल जी ने दिया।

# प्रापर्टी टैक्स जमा करने वालों की लगी भीड़

## 200 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त करने की उम्मीद

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 31 मार्च।** नगर निगम में सभी जोनों में आज अंतिम दिन प्रापर्टी टैक्स जमा करने वालों की भारी भीड़ लगी रही। यहां पर अलग-अलग जोन में निर्धारित लक्ष्य के आसपास प्रापर्टी टैक्स जमा होने की आशा है।

नगर निगम कमिश्नर ने उम्मीद सभी जोन आयुक्तों को प्रापर्टी टैक्स का टारगेट पूरा करने का निर्देश दिया था। सरचार्ज से बचने के लिए आज सभी जोन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जोन क्रमांक 1 के आयुक्त नेतराम चंद्राकर ने बताया कि अभी तक जोन क्रमांक 1 के अंतर्गत आने वाले भनपुरी, खमतराई एवं अन्य कालोनियों से करीब 14 करोड़ की वसूली हो चुकी है। आज एक करोड़ रुपए जमा होने का अनुमान है। जोन क्रमांक 6 के दिनेश कोसरिया ने बताया कि अमलीडीह में बड़ी संख्या में बहुमंजिला इमारतें एवं नई कालोनियां बन



रही है जिसके कारण यहां पर अभी तक 20 करोड़ रुपए का प्रापर्टी टैक्स जमा हो गया है। आज दो करोड़ रुपए बतौर टैक्स मिलने की आशा है। उन्होंने बताया कि जोन क्रमांक 10 का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है कि यह क्षेत्र एयरपोर्ट के आसपास है जिसके कारण यहां पर जमीन की कीमत सबसे ज्यादा है। जोन क्रमांक 4 के प्रभारी ने बताया कि इस क्षेत्र के अंतर्गत मालवीय रोड, सदर बाजार, गोलबाजार, बैजनाथ पारा जैसे व्यावसायिक क्षेत्र आते हैं इसलिए यहां पर 20 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। आज अंतिम दिन मोतीबाग कार्यालय में प्रापर्टी टैक्स जमा करने वाले बड़ी संख्या में आ रहे हैं। जोन क्रमांक 7 के विनोद पांडेय ने बताया कि हमारा कार्यालय गणेश मंदिर नगर निगम कालोनी में है। यहां पर समता, चौबे कालोनी तथा कुकुरबेड़ा, वार्ड 24 व 25 आता है। यहां पर भी 20 करोड़ से अधिक का राजस्व जमा हो चुका है। इसी तरह जोन क्रमांक 7 ईदगाहभाठा एवं जोन 2 में भी आज प्रापर्टी टैक्स जमा करने वाले बड़ी संख्या में पहुंचे।

### नियमितीकरण नहीं होने से नहीं मिलता टैक्स

अधिकारियों के अनुसार इस समय नगर निगम क्षेत्र के अधीन बड़ी संख्या में अवैध कालोनियां बस गई हैं। इससे दो तरह का घाटा होता हैं। पहला यहां पर सड़क-नाली का विकास नहीं होता है वहीं सरकार को यहां से कोई आय भी नहीं होती इसलिए नियमितीकरण कराना जरूरी है। नगर निगम ने वर्तमान में प्रापर्टी टैक्सधारकों को क्यूआर कोड दिया हुआ है जिसके आधार पर वे टैक्स की राशि देख सकते हैं। यूजर चार्ज का भी इसमें उल्लेख किया गया है। वर्तमान में यदि किसी आवास में एटीएम अथवा कोई वाणिज्यिक कार्यालय है तो उसका अलग से टैक्स वसूला जा रहा है। पहले एक्सिस बैंक में टैक्स जमा करना होता था अब महिंद्रा कोटक बैंक इसे जमा किया जा रहा है इससे ऑनलाइन टैक्स में पटाने वाले काफी परेशान हैं।

### 70 प्रतिशत से अधिक टैक्स में इजाफा

बढ़ते स्थापना व्यय और फिजूलखर्ची का भार जनता पर लादा जाता है। नगरीय निकाय के अधिनियम के अनुसार टैक्स जमा करने पर ही मैचिंग ग्रांट दिया जाता है। अधिकारी बार-बार दलील देते हैं कि यदि प्रापर्टी टैक्स नहीं पटाया गया तो नगर निगमों, पालिकाओं का संचालन नहीं हो सकता। नगर निगम की घटिया राजनीति और अधिकारियों की लालफीताशाही के चलते गरीब जनता पर करों का भार बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में एक औसत के अनुसार 70 प्रतिशत से अधिक टैक्स बढ़ाया गया है। इसका असर मध्यम एवं निम्न वर्ग पर ज्यादा पड़ रहा है। ज्ञात रहे जलमल कर और यूजर चार्ज सभी से लिया जा रहा है।

# हिम्मत और नैतिकता है तो सभी पंजीकृत को दें भत्ता

## बेरोजगारी भत्ते पर अजय चंद्राकर ने कसा तंज

**रायपुर 31 मार्च।** एक अप्रैल से युवाओं को राज्य सरकार की ओर से बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा. सरकार के इस कदम पर भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने तंज कसते हुए कहा कि चुनाव के समय कुछ भी उलूल-जुलूल बात करना है. उनमें हिम्मत है तो, नैतिकता है तो, घोषणा पत्र पर भरोसा है तो, जो पंजीकृत हैं, उन सब को बेरोजगारी भत्ता देना चाहिए. विधानसभा में उन्होंने जो कहा उन सभी को देना चाहिए. भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने बेरोजगारी भत्ते पर कांग्रेस सरकार को कटघरे में खड़े करते हुए कहा कि बेरोजगारी भत्ता के पात्र नियम अभी जारी नहीं हुए हैं. पंजीयन चल रहा है, क्योंकि 2 साल देने भर की बात हुई है. उसके अतिरिक्त उसके घर में नौकरी मत हो, उसके घर में इतना खेत हो, उतना धान हो, इतना भी दोनों बात कर रहे हैं. 10 तरह की तो वह लोग बात कर रहे हैं. दरअसल, सरकार की मंशा बेरोजगारी भत्ता देने की नहीं है. दो-चार लोगों को देंगे. उंगली कटा कर शहीद बनने के चक्कर में है कि हम बेरोजगारी भत्ता दिए. यह कांग्रेस के पुराने हथकंडे हैं.

प्रदेश में होने वाले किसान सम्मेलन को लेकर कहा कि अजय चंद्राकर ने कहा कि बहुत अच्छी बात है. हम भी इसकी प्रशंसा करते हैं, स्वागत करते हैं, लेकिन भूपेश बघेल को यह बताना चाहिए कि कृषि उत्पादकता में धान कौन-कौन से जिले में 20 क्विंटल से ऊपर होता है, और यदि वह नहीं बताए तो इसका मतलब यह है तो वह धान तस्करी को बढ़ावा देंगे और कांग्रेस का एक नए स्टेटस शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि धमतरी जिले में 20 क्विंटल प्रति एकड़ से ज्यादा धान उत्पादन है, खुद पाटन में 20 क्विंटल से ज्यादा उत्पादन है, तो क्या सिर्फ भूपेश बघेल धमतरी जिले में पाटन में ऐसी जगह है. दुर्ग जिले के और विकासखंड है. 25 क्विंटल से ज्यादा खरीदेंगे क्या. जितना उत्पादन होगा उतना खरीदेंगे क्या. इसको स्पष्ट करना चाहिए.

राहुल गांधी मामले को लेकर कांग्रेस के 35 जिलों में प्रेस वार्ता को लेकर अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आजादी के बाद से आज तक जितना नाटक किया है, उस पर 2014 में पर्दा गिर चुका है. अब कांग्रेस को यूएसए, जर्मनी जैसे देशों में नाटक करना चाहिए, जिनसे वे मदद मांग रहे हैं. भारत में उनका नाटक नहीं चलने वाला है. पहली बार हो रहा है कि विदेशी मदद चाहिए. दिग्विजय सिंह ने उनको धन्यवाद कहा है।

# सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यों में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्यः चौबे

**रायपुर, 31 मार्च।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्यों में छत्तीसगढ़ देश का अग्रणी राज्य है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की निर्मित सड़कों के नवीनीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से बजट उपलब्ध कराने से मिली है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य शासन से इस योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों के संधारण के लिए सर्वाधिक 700 करोड़ रूपए का बजट मिला। वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 6000 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 5436 किलोमीटर के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौबे ने इस संबंध में बताया कि प्रदेश के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के संधारण और नवीनीकरण कार्य में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। बस्तर संभाग की अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित क्षेत्र की 231 किलोमीटर लम्बी 75 सड़कों का 37 करोड़ रूपए की लागत से संधारण किया गया। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सरगुजा संभाग की 146 सड़कें, जिनकी लम्बाई 560 किलोमीटर है, उनका संधारण 90 करोड़ रूपए की लागत से किया गया। अति नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिला अंतर्गत पूर्व में कोई भी नवीनीकरण के कार्य नहीं हुए थे, वहां भी सड़क निर्माण पश्चात् पहली बार 10.50 किलोमीटर लम्बी 04 सड़कों के नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में नवीनकरण कार्य हेतु 2915 किलोमीटर लम्बी 782 सड़कों के संधारण के लिए 779 करोड़ रूपए की राशि प्रस्तावित है।

### कन्हैया को मिली नई राजनीतिक जिम्मेदारी

**रायपुर 31 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जय भारत सत्याग्रह आंदोलन के प्रदेश कंट्रोल वार रूम समिति के प्रभारी रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के छाया कांग्रेस विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ महामंत्री कन्हैया अग्रवाल रायपुर को बनाया गया है, उपरोक्त नियुक्ति का आदेश छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रवि घोष ने जारी करते हुए प्रमुख प्रभारी के रूप में कन्हैया अग्रवाल रायपुर एवं समन्वयक के रूप में सलाम रिजवी, महेंद्र छाबड़ा की नियुक्ति की है, साथ ही लोकसभा क्षेत्रों के जय सत्याग्रह आंदोलन के प्रभारी के रूप में सरगुजा लोकसभा निवेदिता चटर्जी, रायगढ़ लोकसभा दिप्तेश चटर्जी, जांजगीर-चांपा लोकसभा श्रीमती चंद्रावती साहू, कोरबा लोकसभा श्रीमती गीता सिंह, बिलासपुर लोकसभा श्रीमती प्रेमलता बंजारे, राजनांदगांव लोकसभा दिनेश निर्मलकर, दुर्ग लोकसभा सुश्री पल्लवी सिंह, रायपुर लोकसभा श्रीमती प्रेरणा सिंह, महासमुंद लोकसभा श्रीमती पूजा देवांगन, बस्तर लोकसभा रेहान खान, कांकेर लोकसभा महमूद अली को बनाया गया है प्रदेश महामंत्री रवि घोष ने नियुक्ति आदेश जारी करते हुए कहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस द्वारा चलाए गए।












कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23